सुविचार

हम उन लोगों से भी सीख सकते हैं, जिन लोगों से हम खुद को श्रेष्ठ समझते हैं।

Daily
THE PHOTON NEWS
सच के हक में...
द फोटोन न्यूज Published from Ranchi

Ranchi ● Wednesday, 03 April 2024 ● Year : 02 ● Issue : 75 ● Ranchi Edition ● Page : 12 ● Price : ₹3 ● www.thephotonnews.com   E-Paper : epaper.thephotonnews.com

Sara Ali Khan Keeps It Comfy In White Crop...

SHARE

सेंसेक्स	:	73,903.91
निफ्टी	:	22,453.30

SARAFA

सोना	:	6,495
चांदी	:	82.00

(नोट : सोना 22 कैरेट प्रति ग्राम)

इफ्तार (बुधवार) : 06.10
सेहरी (गुरुवार) : 04.24

BRIEF NEWS

चित्रकूट में डंपर और ऑटो की टक्कर, 7 की मौत

CHITRAKOOT : चित्रकूट में मंगलवार सुबह ऑटो और डंपर में आमने-सामने की टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो सवार 7 की मौत हो गई, जबकि 1 की हालत गंभीर है। डंपर ड्राइवर मौके से फरार हो गया है। हादसा साढ़े 5 बजे कर्वी मुख?यालय से सटे अमानपुर गांव के पास हाईवे पर हुआ। दरअसल, ऑटो किसी गाड़ी को ओवरटेक कर रहा था, तभी सामने से आ रही डंपर से टकरा गया। दोनों की रफ्तार काफी तेज थी। हादसे के बाद ऑटो पिचक गया। कुछ लोग गाड़ी में फंस गए, तो कुछ छिटक कर हाईवे पर गिर गए। सभी खून से लथपथ थे मौके पर राहगीरों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने हाईवे पर पड़े लोगों को अस्पताल भेजा।

अयोध्या बनी दुनिया की धार्मिक राजधानी

LUKHNOW : अयोध्या दुनिया की धार्मिक राजधानी बन चुकी है। राम मंदिर ट्रस्ट के मुताबिक 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद से 10 मार्च तक यहां 1 करोड़ लोग पहुंचे। यानी औसतन 2 लाख लोग यहां रोज दर्शन कर रहे हैं। दुनिया में इतनी बड़ी संख्या में लोग किसी भी धर्म के धर्मस्थल पर नहीं पहुंच रहे। ईसाइयों के सबसे बड़े धार्मिक स्थल वेटिकन सिटी में सालभर में करीब 90 लाख लोग आते हैं। जबकि मुस्लिमों के पवित्र स्थल मक्का में पिछले साल 1.35 करोड़ लोग पहुंचे।

द्रमुक ने ईवीएम को लेकर खटखटाया मद्रास हाईकोर्ट का दरवाजा

CHENNAI : लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी गठबंधन के कई दल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) की जगह मतपत्रों से मतदान की मांग कर रहे हैं। इस बीच, तमिलनाडु में सत्ताधारी दल द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम (द्रमुक) ने मद्रास उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। द्रमुक ने ईवीएम को लेकर रिट याचिका दायर की है। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी और ग्रेटर चेन्नई निगम आयुक्त जे. राधाकृष्णन की अध्यक्षता में सभी सियासी दलों की मौजूदगी में ईवीएम की पूरक रेंडमाइजेशन की गई। राधाकृष्णन ने बताया कि ग्रेटर चेन्नई निगम क्षेत्र के तहत तीन संसदीय क्षेत्र आते हैं। इस बार उम्मीदवारों की संख्या ज्यादा है।

रुद्रपुर में चुनावी सभा, पीएम ने 40 मिनट भाषण दिया

तीसरे टर्म में फ्री बिजली का टारगेट : पीएम मोदी

AGENCY RUDRAPUR : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को उत्तराखंड के रुद्रपुर में चुनावी सभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार तीसरे टर्म में फ्री बिजली देने की योजना बना रही है। हर घर में सोलर बिजली प्लांट लगाने की भी योजना है। उन्होंने कहा, सरकार की नीयत सही हो, तो नतीजे भी सही आते हैं। मोदी ने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार के शहजादे ने ऐलान किया है कि अगर देश ने तीसरी बार मोदी सरकार को चुना, तो देश में आग लग जाएगी। 60 साल तक देश पर राज करने वाले 10 साल सत्ता से बाहर क्या रह गए, अब देश में आग लगाने की बात कर रहे हैं। ऐसे लोगों को चुन-चुनकर साफ कर दो, ऐसे लोगों को मैदान में मत रहने दो भाइयों। दिल्ली के रामलीला मैदान में 31 मार्च को इंडिया ब्लॉक की लोकतंत्र बचाओ महारैली हुई थी। इसमें राहुल गांधी ने कहा था- अगर भाजपा जीती और उन्होंने संविधान को बदला तो इस पूरे देश में आग लगने जा रही है, ये देश नहीं बचेगा। प्रधानमंत्री ने करीब 40 मिनट तक भाषण दिया। उन्होंने कहा, 'इमरजेंसी की मानसिकता वाली कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है, इसलिए अब वह जनादेश के खिलाफ लोगों को भड़काने में जुट गई है। कांग्रेस, भारत को अस्थिरता की तरफ ले जाना चाहती है, अराजकता में झोंकना चाहती हैं। कांग्रेस, तुष्टिकरण के दल-दल में ऐसा धंस गई है कि कभी देशहित का नहीं सोच सकती है।

- पीएम बोले- यही कांग्रेस है जो घुसपैठियों को बढ़ावा देती है
- मैं कहता हूं- भ्रष्टाचार हटाओ, वो कहते हैं- भ्रष्टाचारी बचाओ
- प्रधानमंत्री बोले- कांग्रेस का भरोसा अब लोकतंत्र पर नहीं बचा है

रुद्रपुर में चुनावी सभा को संबोधित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

10 साल में जितना विकास हुआ, आज तक नहीं हुआ

पीएम ने कहा- मोदी ने भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनाने की गारंटी दी है। तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत का मतलब है- लोगों की कमाई बढ़ेगी। नौकरी के अवसर बढ़ेंगे। गांव-शहर में सुविधा बढ़ेगी।हमें उत्तराखंड को विकसित बनाना है। केंद्र सरकार कोई कसर नहीं छोड़ रही। 10 साल में जितना विकास हुआ, आज तक नहीं हुआ। 12 लाख घरों को पानी कनेक्शन दिया। तीन लाख को स्वामित्व योजना का लाभ मिला।

राजस्थान मे भाजपा के चुनावी अभियान का शंखनाद, गरजे प्रधानमंत्री

राम मंदिर पर कांग्रेस ने देश को डराकर रखा भव्य मंदिर बना, दीपक जले, आग नहीं लगी

JAIPUR : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को राजस्थान मे भाजपा के चुनावी अभियान की शुरूआत की। जयपुर के पास कोटपूतली में मोदी ने कहा कि यह पहला चुनाव है जब भ्रष्टाचारी मिलकर भ्रष्टाचार पर हो रही कार्रवाई रोकने के लिए रैली कर रहे हैं। मोदी ने कहा- वो कहते हैं कि मेरा परिवार नहीं है, इसलिए मुझे भ्रष्टाचार की जरूरत नहीं है। उनका परिवार है तो क्या भ्रष्टाचार करने का लाइसेंस मिल जाता है क्या? मोदी ने कहा कि बहुत कुछ हुआ होगा, लेकिन दस साल में जो हुआ, वो सिर्फ ट्रेलर है। भाजपा सरकार का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक निर्णयों वाला होने वाला है। कांग्रेस ने देश को डराकर रखा कि राम मंदिर का नाम लिया तो देश जल जाएगा, आग लग जाएगी। भव्य राम मंदिर बना। दीपक जले और कहीं आग भी नहीं लगी। इस सभा के जरिए वे जयपुर ग्रामीण सहित इससे सटी दो अन्य लोकसभा सीट सीकर और अलवर को भी साधने की कोशिश की। इस लोकसभा चुनाव में राजस्थान में मोदी की पहली सभा थी।

मिशन 2024 : कांग्रेस की 11वीं लिस्ट, 17 कैंडिडेट्स के नाम

आंध्र प्रदेश के सीएम जगन मोहन की बहन शर्मिला रेड्डी को भी टिकट

AGENCY NEW DELHI : कांग्रेस ने मंगलवार को लोकसभा चुनाव के लिए 11वीं लिस्ट जारी की। इसमें 4 राज्यों के 17 कैंडिडेट के नाम हैं। इसमें आंध्र प्रदेश, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के लोकसभा सीटों के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल है। कांग्रेस अब तक 231 प्रत्याशियों का ऐलान कर चुकी है। आंध्र प्रदेश की कड़पा लोकसभा सीट से कांग्रेस ने आंध्र सीएम जगन मोहन की बहन वाईएस शर्मिला रेड्डी को कडप्पा से टिकट दिया है। पार्टी की ओर से जारी उम्मीदवारों की 11वीं सूची में आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन, ओडिशा से आठ और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार का नाम शामिल है। पूर्व मानव संसाधन विकास मंत्री पल्लम राजू को आंध्र प्रदेश की काकीनाड़ा लोकसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। शर्मिला रेड्डी को आंध्र प्रदेश के कडप्पा से उम्मीदवार बनाया गया है। ओडिशा के कोरापुट से वर्तमान सांसद सप्तगिरि उलाका को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है।

- आंध्र प्रदेश से पांच, बिहार से तीन, ओडिशा से आठ और पश्चिम बंगाल से एक उम्मीदवार
- किशनगंज सीट से मौजूदा सांसद मोहम्मद जावेद को टिकट

शर्मिला रेड्डी

कांग्रेस ने बिहार की 3 सीटों पर उतारे उम्मीदवार

बिहार में लोकसभा चुनाव को लेकर लोजपा और भाकपा-माले के बाद अब कांग्रेस के भी 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों की घोषणा हुई। कांग्रेस ने इंडिया गठबंधन में 9 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा करनी है। वहीं अब केवल राजद द्वारा अपने उम्मीदवारों के नामों का एलान करना बाकी रह गया है। पहले चरण में जिन सीटों पर चुनाव है। उनमें कोई भी सीट कांग्रेस के पास नहीं है। जिसके चलते कांग्रेस ने दूसरे चरण के लिए तीन सीटों पर अपने कैंडिडेट्स के नाम का एलान कर दिया है। महागठबंधन में हुए सीट बंटवारे में कांग्रेस के खाते में 9 सीटें आईं थी। कांग्रेस ने 3 सीट पर उम्मीदवारों के नामों का एलान किया, जिसमें किशनगंज से मो। जावेद को टिकट मिला है। कटिहार से तारिक अनवर को मैदान में उतारा गया है, जबकि भागलपुर से अजीत शर्मा को पार्टी के द्वारा टिकट दिया गया है। मो. जावेद 2019 में जीतनेवाले इकलौते विपक्षी सांसद थे।

ओडिशा विस चुनाव : भाजपा की 112 प्रत्याशियों की सूची जारी

BHUBANESWAR : ओडिशा विधानसभा चुनाव 2024 के लिए भाजपा ने 112 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की सूची जारी की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष मनमोहन सामल भद्रक जिले की चांदबाली विधानसभा सीट से एवं प्रतिपक्ष के नेता जयनारायण मिश्र संबलपुर विधानसभा सीट से चुनावी मैदान में उतरेंगे। पूर्व प्रतिपक्ष के नेता प्रदीप्त नाएक को फिर से भवानीपाटना विधानसभा सीट से प्रत्याशी बनाया गया है। जारी सूची के अनुसार पद्मपुर से गोवर्धन भुए, बिजेपुर से सनत कुमार गरतिया, वरगढ से अश्विनी षडंगी, अताबिरा से निहार रंजन महानंद, भटली से इराशीष आचार्य, ब्रजराजनगर से सुरेश पुजारी व झारसुगुडा से टंकधर त्रिपाठी को प्रत्याशी बनाया गया है। बता दें कि ओडिशा विधानसभा की कुल 147 सीटें हैं।

कांग्रेस ने ओडिशा की 8 लोस व 49 विस सीटों पर उतारे उम्मीदवार

BHUBANESWAR : लोकसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने मंगलवार को प्रत्याशियों की सूची जारी की। इसमें ओडिशा की कुल 8 लोकसभा सीटें एवं 49 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों के नाम घोषित किए गए हैं। पार्टी के एक मात्र सांसद सप्तगिरि उलाका को फिर से कोरापुट से टिकट दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शरत पटनायक नूआपडा विधानसभा सीट से चुनाव लड़ेंगे। लोकसभा प्रत्याशियों की सूची के अनुसार ओडिशा की बरगढ़ लोकसभा सीट से संजय भोई, सुंदरगढ़ से जनार्दन देहुरी, बलांगीर से मनोज मिश्र, कलाहांडी से द्रौपदी माझी, कंधमाल से अमिर चंद नायक, नवरंगपुर से भुजबल माझी, ब्रह्मपुर से रश्मिरंजन पट्टनायक व कोरापुट से सप्तगिरि उलाका को प्रत्याशी बनाया गया है।

दारोगा मीरा और सीओ शशिभूषण सिंह से सवाल

अलग-अलग मामलों में ईडी ने की पूछताछ

CRIME REPORTER RANCHI : दरोगा मीरा सिंह और सीओ शशिभूषण सिंह से ईडी ने पूछताछ की। मंगलवार को दोनों से ईडी ने कई घंटो तक अलग-अलग मामलों में पूछताछ की। धनबाद के गोविंदपुर सीओ शशि भूषण मंगलवार को सबसे पहले ईडी ऑफिस पहुंचे। उसके थोड़ी देर बाद दरोगा मीरा सिंह भी ईडी ऑफिस पहुंच गई। जरूरी कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालू तस्करी, जमीन घोटाला से लेकर कई मामलों में एजेंसी के अधिकारी दोनों से पूछताछ की। ईडी ने दरोगा मीरा सिंह और सीओ शशिभूषण सिंह से कई सवाल किए। कई सवालों के जवाब मिले तो कई सवालों पर दरोगा मीरा सिंह और सीओ शशिभूषण सिंह फंसते नजर आएं।

सीओ शशिभूषण का कांग्रेस विधायक अंबा प्रसाद के पूरे परिवार से अच्छा संबंध रहा है। कई जमीनों पर कब्जे के लिए शशि भूषण ने अंबा प्रसाद और उनके पिता योगेंद्र प्रसाद की मदद की थी।

दरोगा मीरा सिंह

- सीओ शशिभूषण के साथ अंबा व योगेंद्र साव की मिलीभगत की जांच कर रही ईडी
- मीरा सिंह के मोबाइल और डायरी की जांच से खुलासा हुआ था कि रोजाना कई ट्रक बालू की होती थी तस्करी

मांडर में एसएसबी जवान की पत्नी को अपराधियों ने मारी गोली, मौत

RANCHI : जिले के मांडर थाना क्षेत्र में बाइक सवार दो अपराधियों ने एसएसबी के जवान की पत्नी के को गोली मार दी। घटना मंगलवार की शाम की है। जहां अपराधियों ने एसएसबी के जवान विजय भगत की पत्नी गीता भगत को गोली मार दी। आनन-फानन में महिला को रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलने पर पुलिस की टीम मामले की जांच में जुट गई हैं। महिला स्कूटी से मांडर के बूढ़ाखुखरा की तरफ से जा रही थी जानकारी के मुताबिक, महिला चान्हो थाना क्षेत्र की रहने वाली गीता भगत है। वह स्कूटी से मांडर के बुढ़ाखुखरा की तरफ से जा रही थी। इसी दौरान बाइक सवार दो अपराधियों ने महिला को पहले ओवरटेक कर रोका और फिर गीता को निशाना बनाते हुए फायरिंग कर दी। जानकारी के अनुसार, गीता के गर्दन के पास गोली लगी है। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गई है। गीता को गोली मारने के बाद दोनों अपराधी फरार हो गए। गोली की आवाज सुन कर आस-पास के लोग भागे-भागे आये।

दिल्ली शराब नीति केस में आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत

6 महीने से जेल में थे, कोर्ट में ईडी ने बेल का नहीं किया विरोध

AGENCY NEW DELHI : सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह को जमानत दे दी। मनी लॉन्ड्रिंग केस में संजय सिंह को पिछले साल 4 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया था। संजय सिंह के वकील ने कहा कि वे केस में अपने रोल से जुड़ा कोई बयान नहीं देंगे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान ईडी से सवाल किया था कि क्या संजय सिंह को और ज्यादा दिन जेल में रखे जाने की जरूरत है। कोर्ट ने यह भी कहा कि हमें यह भी देखना होगा कि गवाहों के सामने उनके बयान हुए। 6 महीने तक वे जेल में रहे। ईडी ने अदालत से कहा कि हमें कोई ऐतराज नहीं है। इसके बाद अदालत ने संजय सिंह को जमानत देने का फैसला सुनाया।

- जनवरी में ईडी ने अपनी चार्जशीट में संजय सिंह का नाम जोड़ा था
- संजय सिंह ने दावा किया कि ईडी ने उनका नाम गलती से जोड़ दिया
- ईडी की चार्जशीट में संजय सिंह पर 82 लाख रुपए का चंदा लेने का जिक्र

आतिशी का आरोप, आप के और चार नेता होंगे गिरफ्तार

NEW DELHI : दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद से आम आदमी पार्टी (आप) लगातार हमलावर है। पार्टी की वरिष्ठ नेता एवं मंत्री आतिशी ने मंगलवार को प्रेस कांफ्रेंस करके कहा कि मेरे करीबी के माध्यम से मुझतक एक मैसेज भेजा गया था और बीजेपी में शामिल होने का ऑफर दिया गया था। दिल्ली की मंत्री आतिशी ने दावा किया है कि हमारी पार्टी के कुछ और नेताओं को गिरफ्तार किया जा सकता है। हम किसी भी धमकी से डरने वाले नहीं हैं। आतिशी ने कहा कि आम आदमी पार्टी के और चार नेता गिरफ्तार होंगे और मैं भी जेल जाऊंगी। उन्होंने दावा किया कि उनके एक करीबी व्यक्ति ने कहा था कि उन्हें बीजेपी में शामिल हो जाना चाहिए या एक महीने के अंदर जांच एजेंसी ईडी द्वारा गिरफ्तार किए जाने के लिए तैयार रहना चाहिए। हमारी पार्टी की सीनीयर लीडरशिप हिरासत में है। उन्होंने कहा कि आने वाले कुछ दिलों में मेरे निजी आवास पर ईडी की छापेमारी होगी।

अगले हफ्ते 2 से 5 डिग्री तापमान बढ़ सकता है, एमपी-महाराष्ट्र समेत 6 राज्य ज्यादा तपेंगे

इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान, 20 दिन लू चलेगी

AGENCY NEW DELHI : जब किसी मैदानी क्षेत्र में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस और पहाड़ी क्षेत्रों में 30 डिग्री सेल्सियस पहुंच जाता है तो इसे हीटवेव की स्थिति कहा जाता है। भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) ने इस साल ज्यादा गर्मी का अनुमान लगाया है। अप्रैल से जून के बीच तीन महीने तापमान ज्यादा रहेगा। वहीं इस बार 20 दिनों तक लू की संभावना जताई गई, जो अमूमन 8 दिनों तक रहती है। आईएमडी के मुताबिक, अगले तीन महीनों में देश के छह राज्यों मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, कर्नाटक, ओडिशा और आंध्र प्रदेश में गर्मी का ज्यादा असर रहेगा। अगले हफ्ते तापमान 2 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है। अप्रैल-जून के दौरान भारत के अधिकांश हिस्सों में अधिकतम तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है। मैदानी इलाकों के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से अधिक लू चलेगी। आईएमडी ने सोमवार को कहा कि तापमान में बढ़ोत्तरी से गेहूं की तैयार फसल पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। आईएमडी डायरेक्टर जनरल मृत्युंजय मोहपात्रा ने कहा, मध्य प्रदेश में इस समय तापमान 37-40 डिग्री सेल्सियस के आसपास है और अगले सप्ताह 42 डिग्री तक जाने की संभावना है। चूंकि राज्य में गेहूं की कटाई का 90 फीसदी काम पूरा हो चुका है, इसलिए कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

झारखंड में 5 अप्रैल तक हीट वेव चलने की संभावना

RANCHI : झारखंड में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। आलम ये है कि दिन के नौ बजे के बाद लोगों का घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से दो अप्रैल को पूरे राज्य के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है। जहां पाकुड़, गोड्डा, पश्चिमी सिंहभूम, साहेबगंज और जमशेदपुर का तापमान 40 के पार पहुंच चुका है। वहीं, रांची का तापमान भी 35 के पार पहुंच चुका है। मौसम विज्ञान के अनुसार ऐसा पहली बार हुआ कि अप्रैल माह में इतनी गर्मी पड़ रही है। राज्य में अगले तीन दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में कोई बड़े बदलाव की संभावना नहीं है। इसके बाद अगले दो दिनों में इसमें धीरे-धीरे 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक वृद्धि होने की संभावना है। यह स्थिति राजधानी रांची समेत पूरे राज्य में 5 अप्रैल तक रहेगी, इसके बाद 6 और 7 अप्रैल को कहीं-कहीं मेघगर्जन के साथ हल्की वर्षा होने की संभावना है।

बिहार, झारखंड सहित पांच राज्यों में बदले गए डीएम और एसपी

RANCHI : चुनाव आयोग की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार की अध्यक्षता में चुनाव आयुक्तों ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू के साथ बैठक के दौरान आयोग ने नियमित समीक्षा के तहत ये निर्णय लिया। स्थानांतरित किए गए सभी अधिकारियों को तत्काल अपने कनिष्ठ अधिकारी को प्रभार सौंपने के लिए कहा गया है। आयोग ने साथ ही कहा कि जिन अधिकारियों ने इस्तीफा दे दिया है, उन्हें लोकसभा चुनावों के पूरा होने तक कोई चुनाव ड्यूटी नहीं दी जाएगी। संबंधित राज्य सरकारों को निर्देश दिया गया है कि वे भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारियों के नामों का एक पैनल आयोग को भेजें और स्थानांतरित किए गए अधिकारियों के स्थान पर शॉर्टलिस्ट किए गए लोगों को नियुक्त किया जाएगा।

दिल्ली में कांग्रेस सीईसी की बैठक आज

कांग्रेस 3-4 अप्रैल को करेगी लोस उम्मीदवारों की घोषणा

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के लोकसभा उम्मीदवारों को लेकर दिल्ली में कांग्रेस सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (सीईसी) की बैठक 3 अप्रैल को होनी है। जिसके बाद कांग्रेस और राज्य में इंडी गठबंधन के साथ चुनाव लड़ रहे दलों के उम्मीदवारों की लिस्ट जारी होने की संभावना है। मिल रही जानकारी के मुताबिक राज्य में कांग्रेस सात लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिनमें से अब तक सिर्फ तीन सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा हो पायी है। कांग्रेस के हिस्से की बची सीटों पर पार्टी सेंट्रल इलेक्शन कमेटी (सीईसी) की बैठक खत्म होने के बाद या अगले दिन सुबह उम्मीदवारों की सूची जारी कर सकती है। जिसके बाद पूरी तरीके से कांग्रेस राज्य के चुनावी मैदान में उतर जायेगी। कांग्रेस सीईसी की 28 मार्च को हुई बैठक के बाद पार्टी ने तीन उम्मीदवारों की घोषणा कर दी थी। जिसमें लोहरदगा से सुखदेव भगत, खूंटी से कालीचरण मुंडा और हजारीबाग से जयप्रकाश पटेल को पार्टी ने लोकसभा का उम्मीदवार बनाया।

BRIEF NEWS

अगलगी से पीड़ित परिवार से मिले विधायक, दी सांत्वना

PALAMU : पांकी विधायक डॉ। शशिभूषण मेहता अगलगी से पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और सांत्वना दी। विधायक ने पांकी सीओ को फोन कर पीड़ित परिवार को सरकारी स्तर से मिलने वाले मुआवजे की राशि दिलाने को लेकर निर्देशित किया। मौके पर प्रो। बच्चन ठाकुर, कामेश यादव, सुदेश यादव, योगेंद्र उरांव आदि मौजूद रहे। बता दें कि पांकी थाना क्षेत्र के होईयो गांव में राजकुमार सिंह खरवार के घर में आग लग गयी थी और उनको काफी नुकसान हुआ था। जिसकी जानकारी मिलने के बाद वो उनसे मिलने पहुंचे थे।

गिरिडीह में 16 साल से फरार हार्डकोर नक्सली गिरफ्तार

GIRIDIH : पुलिस ने मंगलवार की अहले सुबह 16 साल से फरार भाकपा माओवादी हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जिले के गांडेय थाना इलाके में स्थित ओझाडीह गांव में उसके घर से दबोचा है। पुलिस के अनुसार हार्डकोर सनातन टुडू पिछले 16 साल से फरार चल रहा था। इस बीच एसपी को गुप्त सूचना मिली कि सनातन टुडू गांव आया हुआ है। एसपी के निर्देश पर डीएसपी कौसर अली के नेतृत्व के पीरटांड़ थाना प्रभारी ने ज्वाइंट ऑपरेशन चलाकर इस हार्डकोर नक्सली सनातन टुडू को दबोचा। बताया गया कि गिरफ्तार नक्सली के खिलाफ पीरटांड़ में आर्म्स एक्ट और 17 सीएलए एक्ट के तहत केस दर्ज हैं।

मोदी के शासन में बढ़ी महंगाई, बेरोजगारी : राजेश यादव

GIRIDIH : महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार रोकने के नाम पर देश की गद्दी पर बैठी नरेंद्र मोदी की सरकार इसे रोकने में पूरी तरह विफल रही। महंगाई से जनता त्रस्त है। बेरोजगारी से देश के युवा परेशान हैं। झारखंड के युवा रोजगार के लिए प्रवासी बनने को मजबूर हैं। उक्त बातें भाकपा माले नेता राजेश यादव ने कहीं। वह मंगलवार को कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी विनोद सिंह के समर्थन में गांडेय, गिरिडीह सदर प्रखंड के जगजगो-टुसकियो व बुढ़ियाटांड़ में जनसंपर्क अभियान चला रहे थे। कहा कि युवा वर्ग बेरोजगारी की तबाही झेल रहा है। किसान-मजदूर अधिकार छीने जाने से आंदोलित हैं। मोदी सरकार शुरू से ही उनका दमन कर रही है। इन ज्वलंत समस्याओं से इतर मोदी सरकार चंदा घोटाला में व्यस्त रहकर कंपनियों की सेवादारी में लगी है। अगले चुनाव में जनता भाजपा को सबक सिखाएगी। राजेश यादव ने लोगों से चुनाव संघर्ष कोष में भी सहयोग की अपील की। इसके साथ ही घरों से चुनाव कोष में सहयोग अभियान की शुरूआत की गई। मौके पर माले नेता ठाकुर मंडल, पंकज वर्मा, शमसुद्दीन अंसारी, इस्लाम अंसारी, कुर्फान मियां, महेंद्र रवानी, धनेश्वर मंडल, सफायत अंसारी, पांचू मियां, मो। गयासुद्दीन, ताजुद्दीन अंसारी, कुर्बान मियां, आजाद अंसारी, नसीम अंसारी आदि मौजूद थे।

रमजान में इबादत करने से होते हैं सारे गुनाह माफ : अकिलुर्रहमान

RANCHI : रमजान के महीने में रोजे रखने की बहुत बड़ी फजीलत है रोजा आपके अन्दर तकवा, ईमानदारी, सब्र करने का सीधा संबंध स्थापित करने का जरिया है रोजा गुनाहों को मिटा देता है। रोजा महज खाने पीने से परहेज करने का नाम नही है,बल्कि रोजेदार का रोजा तमाम जिस्म के अजा का रोजा होता है। इस महीने इबादत करने से लोगों के सारे गुनाह माफ हो जाते हैं। रमजान का महीना सभी महीनों से अफजल है। इस महीना हमे तकवा और परहेजगारी के साथ साथ गरीबों मजबूर ,बे सहरों को मदद करनी चाहिए। रमजान में नफिल नमाज का सबब फर्ज के बराबर मिलता है और फर्ज का सबाब 70 गुना बढ़ जाता है। रमजान इन्सान के लिए उस नजरिये के अनुसार है जो अपनी कमजोरियों और जुनून के खिलाफ लड़ने की ताकत और एक इंसान को अपने जीवन में लगातार सुधार करने की तालीम देता है रमजान इंसान के अन्दर की बुराई को मिटाता है। रमजान महीने का आखरी अशरा नेमतों, मगफिरत का महीना ही नही बल्कि इस आखरी अशरे में जो शख्श अपने करीब की मस्जिद में एतेकाफ करता है उसे दो उमरे, और हज का सबाब मिलता है साथ ही उस महल्ले में आने वाले बला मुसिबतों से निजात दिलाने वाला

फर्जी बेलर बनकर अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का खुलासा, दो धराए

54 आधार, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन, 57 पीस स्टांप पेपर सहित कई सामान बरामद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर) पुलिस ने फर्जी बेलर बन अपराधियों को जमानत दिलाने वाले गिरोह का खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों में सिदगोड़ा 10 नंबर बस्ती निवासी अरविंद प्रसाद सिंह और आदित्यपुर रोड नंबर 11 निवासी नवीन कुमार राय शामिल है।

पुलिस ने इनके पास से 54 आधार कार्ड, 17 वाहनों के रजिस्ट्रेशन कार्ड, 25 सेट आधार कार्ड और वाहनों के रजिस्ट्रेशन नंबर और वाहन का पॉलिसी पेपर का छाया प्रति, 57 पीस स्टांप पेपर, अलग- अलग व्यक्तियों का पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ 30 पीस

मीडिया को जानकारी देते एसएसपी किशोर कौशल (दांये)। ● फोटोन न्यूज

और दो पीस छोटा स्टेपलर सहित तीन मोबाइल बरामद किया है।

मामले की जानकारी देते हुए एसएसपी किशोर कौशल ने मंगलवार को बताया कि लगातार उन्हें सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी आधार कार्ड और वाहनों का रजिस्ट्रेशन प्रमाण पत्र बनाकर फर्जी व्यक्ति बनाकर जेल में बंद अपराधियों को जमानत लेने के लिए जमानत दार बन रहे हैं। इस संबंध में सिविल कोर्ट सुरक्षा में लगाए गए पुलिस पदाधिकारी और कर्मियों को कोर्ट परिसर में आने- जाने वाले व्यक्तियों का सघन जांच करने एवं संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर रखने के लिए निर्देशित किया गया था।

गिरिडीह पुलिस ने 24 घंटे में जब्त किए 15 लाख रुपये नकद

GIRIDIH : लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गिरिडीह जिले की पांच थानों की पुलिस ने पिछले 24 घंटों में एसपी के निर्देश पर 15 लाख से अधिक नकदी बरामद की है। सरिया थाना पुलिस ने मंगलवार 04 लाख 45 हजार नकद रुपये बरामद किया। इसके कुछ देर बाद सरिया थाना पुलिस ने दो लाख रुपये बरामद किए।

इससे पहले सोमवार को गिरिडीह की मुफ्फसिल थाना पुलिस ने भी एक गाड़ी से ढाई लाख नकद बरामद किया। जिले के देवरी थाना पुलिस को भी गुप्त सूचना के आधार पर सीमावर्ती इलाके से 01 लाख 75 हजार नकद रुपये बरामद करने में सफलता मिली है। इस बाबत एसपी दीपक कुमार शर्मा ने आज बताया कि चुनाव को लेकर नकद पैसे के लेनदेन और परिवहन पर पुलिस की कड़ी नजर है। 50 हजार से अधिक रुपये ले जाने पर पर कड़ी कार्रवाई का प्रावधान है।

बुक फेयर में लगी आग लाखों की किताबें खाक

आग लगने से जली पुस्तकें। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS DHANBAD : जिला परिषद मैदान में लगे पुस्तक मेला के एक बुक स्टॉल में आज सुबह अचानक आग लग गई। स्टॉल धारक एवं सुरक्षा गार्ड की सूझबूझ से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। हालांकि, फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियां भी मौके पर पहुंची। इससे पहले ही आग पर काबू पा लिया गया था।

आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल पाया है। आयोजक आग लगने के कारणों का पता लगाने में जुटे हैं। स्टॉल धारक ने बताया की कुछ किताबें जली हैं जबकि आग बुझाने के दौरान पानी से भींगने से दो स्टॉल की महंगी महंगी लाखों रुपये की किताबें बर्बाद हो गयी है। बुक स्टॉल संचालकों एवं प्रकाशकों ने आयोजक गोपाल भट्टाचार्य पर पुस्तक मेले के दौरान आग से बचाव की उचित व्यवस्था नहीं करने का आरोप लगाया।

उल्लेखनीय है कि 31 मार्च से आयोजित इस बुक फेयर में करीब 60 स्टॉल लगाए गए हैं। मेला 7 अप्रैल तक चलेगा।

पुलिस ने 50 हजार किलो जावा महुआ व 100 लीटर तैयार महुआ शराब किया नष्ट

PHOTON NEWS PALAMU : एसपी रीष्मा रमेशन के निर्देश पर हुसैनाबाद थाना की दंगवार और बिहार की नबीनगर थाना पुलिस द्वारा मंगलवार को अवैध शराब कारोबारी के विरुद्ध संयुक्त छापामारी अभियान चलाया गया। शराब कारोबारी द्वारा दंगवार सोन नदी के बीचोबीच स्थित डीलापर साजिश के तहत ड्रम की जगह जमीन में गड्ढा खोदकर प्लास्टिक में जावा महुआ तैयार किया जा रहा था, ताकि किसी को पता नहीं चल सके। इन सबके बावजूद पुलिस टीम द्वारा जमीन के अंदर छुपाकर रखे जावा महुआ का भंडाफोड़ करते हुए कुल 50 हजार किलोग्राम जावा महुआ, 2 हजार केजी सुखा महुआ, एक हजार के जी गुड़, 15 भट्ठी को ध्वस्त तथा 100 लीटर निर्मित अवैध महुआ शराब को सोन

जावा महुआ नष्ठ करते जवान। ● फोटोन न्यूज

नदी की बहती जलधारा में डालकर नष्ट किया गया।

छापामारी दल को देखकर अवैध शराब निमार्ण एवं बिक्री में संलिप्त कारोबारी फरार हो गये। इस संबंध में दंगवार ओपी प्रभारी संजय कुमार यादव ने बताया कि पलामू एसपी के निदेर्शानुसार व हुसैनाबाद एसडीपीओ मुकेश कुमार महतो के आदेशानुसार आगामी लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत इस तरह का छापेमारी अभियान लगातार जारी रहेगा।

आपको बता दें की सोन नदी स्थित डीलापर झारखंड व बिहार की सीमावर्ती क्षेत्र होने के कारण ना ही झारखंड पुलिस जाती थी न ही बिहार पुलिस, जिसके कारण डीलापर का क्षेत्र शराब कारोबारियों के लिए सेफ जोन माना जाता था।

खूंटी में इंडी गठबंधन का लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

संविधान व देश को बचाने के लिए भाजपा को पराजित करना आवश्यक : बंधु तिर्की

PHOTON NEWS KHUNTI : खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में मंगलवार को आयोजित लोकसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में कांग्रेस, झामुमो और राजद के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आसन्न लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया और कालीचरण मुंडा को भारी मतों से विजयी बनाने का संकल्प लिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए कांग्रेसे के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष पूर्व विधायक बंधु तिर्की ने कहा कि हमें देश और संविधान को बचाने के लिए हर हाल में मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता से उखाड़ फेंकना होगा। उन्होंने कहा कि आज के सम्मेलन में उमड़ी कार्यकताओं की भीड़ और उनके

कार्यकर्ता सम्मेलन में उपस्थित इंडी गठबंधन के सदस्य। ● फोटोन न्यूज

उत्साह को देखते हुए कहा जा सकता है कि खूंटी संसदीय सीट से महागठबंधन के उम्मीदवार कालीचरण मुंडा की भारी मतों से जीत होगी। उन्होंने कहा कि भाजपा कें नस-नस में आविासियों को अपमानित करने की फितरत है।

उन्होंने कि जब पूर्व उप प्रधानमंत्री लाल क1ष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने के लिए उनके अवास पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंची, वहां आदिवासी महिला राष्ट्रपति खड़ी रही और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कुर्सी में बैठे रहे। बंधु तिर्की ने कहा कि इस घटना से देश के पूरे आदिवासी समाज को अपमानित किया गया है। तिर्की ने कहा कि देश की रक्षा के लिए जुमलेबाज, नौटंकीबाज और जादूगर प्रधानमंत्री को सत्ता से बेदखल करना होगा। उन्होंने कहा कि यह हम लोगों के लिए अंतिम लड़ाई है, अन्यथा संविधान कों बदल दिया जायेगा और आरक्षण को पूरी तरह खत्म कर दिया जायेगा।

प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने कहा कि पिछली गलतियों से सबक लेते हुए हर कार्यकर्ता को चुनाव के दौरान मुस्तैद होकर काम करना होगा। उन्होंने कहा कि अभी इंडी गठबंधन के सामने लोकसभा चुनाव जीतने का सुनहरा मौका है। कार्यक्रम में सिमडेगा के विधायक भूषण बाड़ा, खरसावां विधायक दशरथ गगराई, तमाड़ विधायक विकास सिंह मुंडा, झामुमो के खूंटी जिलाध्यक्ष जुबैर अहमद, सिमडेगा जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की, खरसवा जिला अध्यक्ष अंबुज पांडेय, लाल अजय नाथ शाहदेव आदि ने भी विचार व्यक्त किया।

लोस चुनाव में सुविधा एप से प्रत्याशी या राजनीतिक दल ले सकेंगे अनुमति

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल की अध्यक्षता में मंगलवार को बैठक हुई, जिसमें प्रशासनिक-पुलिस पदाधिकारियों को सुविधा एप का प्रशिक्षण दिया गया। इसमें बताया गया कि लोकसभा चुनाव के दौरान मीटिंग, रैली, माइक, हेलिकॉप्टर, हेलिपैड आदि की अनुमति लेने के लिए अब प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों को निर्वाचन कार्यालय का चक्कर नहीं लगाना होगा। इसके लिए चुनाव आयोग द्वारा सिंगल विंडो सिस्टम के तहत सुविधा एप विकसित किया गया है। इस पर आवेदन कर अनुमति प्राप्त कर सकते हैं। प्रत्याशियों तथा राजनीतिक दलों को अनुमति प्राप्त करने के लिए सुविधा एप पर ऑनलाइन आवेदन करना होगा। समस्त प्रक्रिया ऑनलाइन

सुविधा एप की जानकारी देते जिला निर्वाचन पदाधिकारी अनन्य मित्तल। ● फोटोन न्यूज

पोर्टल या एप के माध्यम से प्राप्त की जाएगी। संबंधित अधिकारियों की ओर से उक्त एप के माध्यम से अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत किया जाएगा। सुविधा एप भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट (https://www.eci.gov.in/suvidha-candidate)से डाउनलोड किया जा सकता है। नामांकन की तिथि से मतदान समाप्ति के 48 घंटे पूर्व तक अनुमति प्रदान की जाएगी। बैठक में डीटीओ, उप निर्वाचन पदाधिकारी, एसडीएम धालभूम एवं घाटशिला, एसीएमओ, सभी पुलिस उपाधीक्षक तथा अन्य संबंधित पदाधकारी उपस्थित थे।

सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौत

SIMDEGA : जलडेगा थाना के ओड़गा ओपी अंतर्गत तेलंगा नाला के समीप बाइक अनियंत्रित होकर नाले में गिर गई और पहाड़ी से टकरा गई। इस घटना में दो युवकों की मौत हो गई। बताया जाता है कि सोमवार की देर रात दो युवक बाइक कहीं जा रहे थे। इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर तेलंगा नाला में गिर गया। तेलंगानाला में पहाड़ी से दोनों बाइक सवार टकराकर गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही ओड़गा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची। पुलिस के पहुंचने से पहले ही घटनास्थल पर एक युवक की मौत हो चुकी थी जबकि एक युवक गंभीर रूप से घायल था। पुलिस ने आम लोगों की मदद से तत्काल घायल युवक को अस्पताल पहुंचाया। लेकिन अस्पताल में इलाज के दौरान उस युवक की भी मौत हो गई। घटना में मारे गए एक युवक की पहचान बानो के रामजोल निवासी महेश प्रसाद के रूप में की गई है। जबकि दूसरे युवक की पहचान नहीं हो सकी है।

डीएवी में नया शैक्षणिक सत्र शुरू प्रिंसिपल ने बच्चों का किया स्वागत

PHOTON NEWS LATEHAR : डीएवी पब्लिक स्कूल में आज दो अप्रैल से नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 शुरू हुआ। नये सत्र की शुरूआत वैदिक हवन और यज्ञ के साथ की गयी। इसमें एलकेजी से आठवीं तक के बच्चों और शिक्षकों ने भाग लिया। इसके बाद प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने नव नामांकित बच्चों और नयी कक्षाओं के लिए उतीर्ण बच्चों को मंत्रोच्चारण के साथ पुष्प वर्षा व तिलक लगाकर स्वागत किया। संगीत शिक्षक सूरज मिश्रा के सानिध्य में बच्चों के लिए स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया।

नए सत्र के बच्चों का स्वागत करते प्राचार्य। ● फोटोन न्यूज

बच्चों के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षक रहें प्रयासरत : प्राचार्य

प्राचार्य घनश्याम कुमार सहाय ने बच्चों के समुचित और सर्वांगीण विकास के लिए शिक्षकों को प्रयासरत रहने की अपील की। उन्होंने बच्चों के साथ परिश्रम के फल और अनुशासन जैसे विषय पर चर्चा की। कहा डीएवी पब्लिक स्कूल शिक्षा व संस्कार का मंदिर है। बताया कि नये शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए प्रवेश परीक्षा (इंटरेंस एग्जाम) शुरू हो गया है। स्कूल के कार्यालय से एडमिशन फॉर्म ले सकते हैं। मौके पर विद्यालय के शिक्षक प्रभात रंजन, राकेश रंजन तिवारी, अरुण कुमार पांडेय, सुशील कुमार दुबे, रवि प्रकाश तिवारी, अजीत, बसंत के अलावा शिक्षिका शकुंतला पाल, रुक्मिणी, रुपा, अंबिका और अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

मारंगहातु ग्राम में उपायुक्त की अध्यक्षता में बूथ जागरूकता दल की बैठक का किया गया आयोजन, बोले-

सभी मतदाता अपने मताधिकार का जरूर करें प्रयोग

PHOTON NEWS KHUNTI : लोकसभा आम चुनाव में मतदान प्रतिशत में वृद्धि लाने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने मंगलवार को खूंटी प्रखंड के पिछले चुनाव में कम मतदान प्रतिशत वाले बूथ मारंगहातू का भ्रमण किया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त लोकेश मिश्रा की अध्यक्षता में मारंगहातु ग्राम में बूथ जागरूकता दल की बैठक का आयोजन किया गया, ताकि हर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करे।

विगत चुनाव में मारंगहातू में 10 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। इसके मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी का प्रयास है कि लोकसभा आम चुनाव 2024 में मारंगहातू के सभी मतदाता जागरूक होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। बैठक के दौरान

ग्रामीणों को संबोधित करते उपायुक्त। ● फोटोन न्यूज

बताया गया कि स्वीप के तहत जिले भर में मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। बूथ जागरूकता दल के माध्यम से संबंधित क्षेत्र में बूथ स्तर पर लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाय।

उपायुक्त ने मतदाताओं को जागरूक करने के क्रम में कहा कि हमारा प्रयास है कि सभी मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि मतदान के लिए योग्य जिन लोगों के नाम मतदाता सूची में किसी वजह से नहीं जुड़ पाया हैं, वे फॉर्म-6 भरकर जमा कर सकते हैं। छूटे हुए योग्य नागरिक नाम जुड़वाने के लिए ऑनलाइन प्रक्रिया की भी मदद ले सकते हैं। वोटर हेल्पलाइन एप एवं सक्षम एप की जानकारी भी दी गई।

जानकारी दी कि जिले में मतदान की तिथि 13 मई है एवं फॉर्म 6 प्राप्त करने की आखिरी तिथि 15 अप्रैल है। साथ ही किसी भी शिकायत व सूचना के लिए 1950 हेल्पलाइन नंबर की भी जानकारी दी गई।

खूंटी : मतदाता जागरुकता के लिए निकाली गई स्कूटी रैली

KHUNTI : मतदाता जागरूकता के उद्देश्य से स्वीप के तहत आंगनबाड़ी सेविकाओं द्वारा मंगलवार को मतदाता जागरूकता स्कूटी रैली निकाली गई। मतदाता जागरूकता के नारे लगाकर शहरी क्षेत्र के मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली को स्वीप कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह परियोजना निदेशक आइटीडीए सहित अन्य अधिकारियों ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना किया। महिलाओं का काफिलां ऊपर चौक तक गया और पुनः समाहरणालय

में अकर स्कूटी रैली का समापन किया गया। इस दौरान आम नागरिकों से जिले में 13 मई को होनेवाले मतदान दिवस में आकर अपने मताधिकार का उपयोग करने की अपील की गई। महिलाओं ने महिला सशक्तीकरण का संदेश देते हुए आम नागरिकों को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

चर्च रोड नाजिर अली लेन में हैंडलूम शॉप का उद्घाटन

फीता काटकर दुकान का उद्घाटन करतीं मोहतरमा कौसर जहां। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS RANCHI : एसआर. हैंडलूम शॉप, नाजीर अली लेन, चर्च रोड, का उद्घाटन आज बड़े धूम धाम से मोहतरमा कौसर जहां के हाथों से किया गया। हैंडलूम शॉप जे .एस, कॉम्प्लेक्स तीसरे नंबर की दुकान है, अब लोगों को अपर बाजार जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। होलसेल दामों में यहां पर उच्चतम क्वालिटी की चादर, सोफा कवर, पिलो कवर, डोर मेट, उपलब्ध है। शॉप के प्रोपराइटर मिस शाहिदा रफत (रिफी) ने बताया कि चांद रात तक हर माल पर 15% की डिस्काउंट, प्रचार प्रसार के लिए दिया जा रहा है। 300 सिंगल बेड की चादर और 400 से डबल बेड की चादर शुरूआती दामों में मिल जाएंगे। पर्दा वगैरा भी न्यूनतम दामों में उपलब्ध है। शॉप के उद्घाटन के अवसर पर जमैतुल इराकीन के सेक्रेटरी सैफुल हक, आई स्पेशलिस्ट डॉक्टर मुस्ताफी आलम, मसीउर रब, एहसान मंजर राजू, फरहा, हेया समर, शीबा हक, तजीन, सिद्रतुल, शायन, आदिल रशीद वगैरा उपस्थित हो कर कामयाबी की दुआ दी।

BRIEF NEWS

केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने सपरिवार दिउड़ी मंदिर में की पूजा-अर्चना

RANCHI : केंद्रीय मंत्री और खूंटी के सांसद अर्जुन मुंडा ने मंगलवार को तमाड़ स्थित सुप्रसिद्ध दिउड़ी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उनके साथ उनकी पत्नी मीरा मुंडा और परिजनों सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे। मुंडा ने कहा कि माता का आशीर्वाद लेकर सभी के खुशहाली और समृद्धि की कामना की। माता का आशीर्वाद सभी पर बना रहे। केंद्रीय मंत्री के मंदिर पहुंचने की सूचना पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे।

रेल टिकट की कालाबाजारी करते एक व्यक्ति गिरफ्तार

RANCHI : रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) रांची ने रेल टिकटों की कालाबाजारी कर रहे मोहम्मद जाकिर हुसैन को गिरफ्तार किया है। वह हिंदपीढ़ी का रहने वाला है। मंगलवार को मिली जानकारी के अनुसार टिकटों की हो रही कालाबाजारी के संबंध में गुप्त सूचना के आधार पर निरीक्षक सुमन कुमार झा के नेतृत्व में रांची के हिंदपीढ़ी स्थित एक दुकान में छापेमारी की गई। दुकान से रेलवे का उन्नीस ई टिकट बरामद किया गया है। बरामद टिकट का मूल्य 26 हजार 600 रुपये है। गिरफ्तार व्यक्ति ने स्वीकार किया कि उन टिकटों को अधिक मूल्य प्राप्त करने के लिए दूसरे के नाम पर अपनी निजी आईडी का प्रयोग कर निकाला था।

ड्यूटी के दौरान शहीद जवान के परिजनों को मिला दस लाख का मुआवजा

RANCHI : सिक्किम में ड्यूटी के दौरान शहीद हुए इंडियन आर्मी के हवलदार सुनील लकड़ा के परिजनों को दस लाख की मुआवजा राशि दी गयी। इसको लेकर गृह कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने आदेश जारी किया था। गुमला जिले के रहने वाले सुनील लकड़ा 23 अक्टूबर 2021 को सिक्किम में ड्यूटी पर थे, तभी उनकी मौत हो गयी थी। हवलदार सुनील लकड़ा मूल रूप से रायडीह प्रखंड के कोबीटोली गांव के रहने वाले थे। वर्ष 1997 में इनकी नियुक्ति आर्मी के बिहार रेजिमेंट में जवान के पद पर हुई थी। सेना का सामान पहुंचाने के दौरान अचानक ठंड लगने से वे बीमार पड़ गये थे। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी थी।

रांची उपायुक्त ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का किया गठन

RANCHI : लोकसभा चुनाव में पारदर्शिता और आम नागरिकों की शिकायतों के निष्पादन के लिए रांची के उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा (व्यय अनुश्रवण प्रबंधन कोषांग) ने शिकायत निगरानी नियंत्रण कक्ष और कॉल-सेंटर का गठन किया है। आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद जारी हेल्पलाइन नंबर 1800-345-3333 को कॉल सेंटर से कनेक्ट कर दिया गया है। रांची उपायुक्त ने बताया कि आम नागरिक चुनाव से संबंधित किसी प्रकार की जानकारी और शिकायत 1800-345-3333 पर कर सकते हैं।

55 हजार से अधिक लाभुकों को मिलेगा घर

RANCHI : गरीबों को आवास देने की झारखंड सरकार की योजना बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर से अब तक 12 करोड़ रुपये की राशि खर्च कर दी गयी है और करीब 45,565 आवासों का निर्माण पूरा करा दिया गया है। बता दें कि इस योजना अंतर्गत जरूरतमंद योग्य लाभुकों को आवास देने का काम किया जा रहा है। प्राकृतिक आपदा से पीड़ित ग्रामीण परिवार अथवा अति गरीब परिवार जिनको पीएम आवास ग्रामीण या अन्य आवास योजना से आवास नहीं मिला है, उन्हें इस योजना से घर दिया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार अब तक 55,792 आवासों की स्वीकृति प्रदान की गयी है, जिसमें से 45,565 आवास पूरे किए गये हैं। यानी लक्ष्य का 81 फीसदी से अधिक आवास पूरे हुए।

atomy
ATOMY
INDIA
RANCHI TEAM
WARRIOR CENTRE
4th Floor, Shop No. 22, 23, 24
Roshpa Roshpa Tower,
Main Road, Ranchi - 834001
Mob. 9334495776

रांची में ड्रग्स की बिक्री मामले में हाईकोर्ट गंभीर, लिया स्वतः संज्ञान

ड्रग्स का कारोबार करनेवालों को चिन्हित कर अरेस्ट करें : हाईकोर्ट

SPECIAL REPORTER RANCHI : रांची शहर में ड्रग्स की खरीद-बिक्री को झारखंड हाइकोर्ट ने गंभीरता से लिया है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षतावाली खंडपीठ ने मामले में स्वतः संज्ञान लेते हुए रांची एसएसपी को ड्रग्स कारोबार करनेवालों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया। खंडपीठ ने कहा है कि सुखदेव नगर थाना इलाके में जो भी ड्रग्स के कारोबार करनेवाले दुकानदार या अन्य लोग शामिल हैं उन्हें चिन्हित किया जाये और उनकी गिरफ्तारी जल्द सुनिश्चित की जाये। कोर्ट ने राज्य सरकार से नशे के कारोबार से जुड़े लोगों की गिरफ्तारी पर रिपोर्ट मांगी है। कोर्ट ने कहा कि नशे के शिकार युवाओं की जिंदगी बर्बाद हो रही है। कोर्ट ने कहा कि राजधानी रांची में बड़े पैमाने पर ड्रग्स का कारोबार चल रहा है। पुलिस ड्रग माफियाओं को गिरफ्तार क्यों नहीं कर रही? शहर के कई शैक्षणिक संस्थान के आसपास ड्रग्स बेचा जा रहा है, लेकिन पुलिस इस पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। नशे का प्रभाव उनके स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। दरअसल, कोर्ट के संज्ञान में यह बात आयी कि राजधानी रांची के सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ड्रग्स जिसमें ब्राउन शुगर, गांजा आदि शामिल हैं, का कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। बीते दिनों 16 मार्च, 19 मार्च, 21 मार्च को सुखदेवनगर थाना क्षेत्र में ब्राउन शुगर, गांजा आदि की बिक्री करनेवालों की गिरफ्तारी की गयी। इसके अलावा राजधानी रांची के अन्य क्षेत्रों में भी ड्रग्स का यह कारोबार चल रहा है। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले को संज्ञान में लिया है।

जेपीएससी सेकेंड बैच के डीएसपी शिवेंद्र के आईपीएस बनाने का रास्ता साफ

SPECIAL REPORTER RANCHI : जेपीएससी के द्वितीय बैच की सेवा संपुष्टि के लिए शिवेंद्र कुमार द्वारा हाईकोर्ट में दाखिल रिट याचिका दायर पर सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट के जस्टिस एसएन पाठक की खंडपीठ ने झारखंड सरकार को आदेश दिया है कि शिवेंद्र की सेवा 6 सप्ताह के अंदर संपुष्ट करते हुए उन्हें सभी तरह का लाभ प्रदान करें। उन्होंने अपनी याचिका में गुहार लगाई थी कि जेपीएससी द्वितीय बैच के सभी अधिकारियों की सेवा संपुष्ट हो गई है। लेकिन उनकी सेवा संपुष्ट नहीं की गई है। शिवेंद्र की नियुक्ति वर्ष 2008 में डीएसपी के पद पर हुई थी। शिवेंद्र का अधिवक्ता राधा कृष्ण गुप्ता और पिंकी साव ने पक्ष रखा। वर्ष 2008 में सेकंड जेपीएससी परीक्षा पास कर शिवेंद्र डीएसपी बने थे। बाद में द्वितीय झारखंड पब्लिक सर्विस नियुक्ति को सीबीआई के द्वारा जांच किया गया था।

जाम की समस्या पर हाईकोर्ट सख्त, कहा

उल्लंघन करने वालों का लाइसेंस क्यों नहीं निलंबित किया जाता?

SPECIAL REPORTER RANCHI : राजधानी रांची में लचर ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर दाखिल जनहित याचिका की सुनवाई झारखंड हाई कोर्ट में हुई। कोर्ट ने मामले में बुधवार को ट्रैफिक एसपी को कोर्ट में सशरीर उपस्थित होने का निर्देश दिया है। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने रांची नगर निगम के अधिवक्ता से जानना चाहा की रांची में ट्रैफिंग व्यवस्था में सुधार क्यों नहीं हो पा रहा है? दिन भर शहर में जाम की समस्या क्यों बनी रहती है।

कई ट्रैफिक सिग्नल खराब क्यों है? सुजाता चौक, कोकर एवं अन्य जगहों पर मल्टी स्टोरेज पार्किंग की व्यवस्था अब तक क्यों नहीं की गई? लगातार ट्रैफिक सिग्नल का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों का लाइसेंस क्यों नहीं निलंबित किया जाता है? रांची शहर में आम नागरिकों को समय-समय पर ट्रैफिक रूल की जानकारी क्यों नहीं दी जाती है? इसपर रांची निगम की ओर से बताया गया कि

पहले की तुलना में ट्रैफिक व्यवस्था में कई सुधार हुए हैं। ट्रैफिक रूल का उल्लंघन करने वालों से जुमार्ना के रूप में 1000 रुपए वसूला जाता है।।

रांची शहर में फ्लाईओवर निर्माण के कारण जाम की समस्या बनती है। कांटाटोली फ्लाई ओवर का निर्माण वर्ष 2024 के दिसंबर माह में पूरा होने की उम्मीद जताई जा रही है। रांची शहर में बन रहे फ्लाईओवर का निर्माण पूरा होने पर जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगा। कोर्ट ने कहा कि फुटपाथ दुकानदारों द्वारा सड़कों का अतिक्रमण किए जाने से जाम की समस्या अत्यधिक होती है। कोर्ट ने रांची नगर निगम के जवाब पर असंतुष्टि जताते हुए ट्रैफिक एसपी को अदालत में तलब किया।

बीजेपी को लगा एक और बड़ा झटका, गिरिनाथ सिंह ने थामा राजद का दामन

गुलदस्ता देकर गिरिनाथ सिंह का पार्टी में स्वागत करते जगतानंद सिंह।

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड में भाजपा को इंडिया गठबंधन की तरफ से लगातार झटका मिल रहा है। बीजेपी के एक और दिग्गज नेता गिरिनाथ सिंह ने पार्टी छोड़कर राजद का दामन थाम लिया है। मंगलवार को पटना स्थित राजद कार्यलय में उन्होंने पार्टी की सदस्यता ली। बिहार राजद के प्रदेश अध्यक्ष जगतानंद सिंह और महासचिव भोला प्रसाद यादव ने उनका स्वागत किया। गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले ही उन्होंने लालू यादव से उनके आवास पर मुलाकात की थी। इसके बाद से ही चर्चा थी कि वह फिर घर वापसी कर सकते हैं। जानकारी के मुताबिक पार्टी उन्हें चतरा से प्रत्याशी बना सकती है।

घर वापसी से पार्टी को मिलेगी मजबूती : इस मौके पर झारखंड राजद के प्रदेश प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने कहा कि उनकी घर वापसी से पार्टी को मजबूती मिलेगी। वह संयुक्त बिहार में मंत्री और झारखंड राजद के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रह चुके हैं। गिरिनाथ के दोबारा राष्ट्रीय जनता दल के साथ जुड़ने पर पार्टी के बिहार प्रदेश अध्यक्ष जगदानंद सिंह ,भोला प्रसाद यादव, प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव,प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव,मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार, सहित अन्य कई नेताओं खुशी जतायी और उन्हें बधाई दी है।

कौन हैं गिरिनाथ सिंह

गिरिनाथ सिंह की गिनती झारखंड के दिग्गज नेताओं में होती है। वह राजद के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं। साल 2019 से पहले तक वे राजद में ही थे लेकिन 2019 लोकसभा चुनाव से पहले उन्होंने पार्टी छोड़ दी थी। इसके बाद उन्होंने भाजपा का दामन थामा। सूत्रों की मानें तो पार्टी उन्हें चतरा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बना सकती है। अगर ऐसा होता है तो उनका सीधा मुकाबला भाजपा के कालीचरण सिंह के साथ होगा। भाजपा ने उन्हें पूर्व सांसद सुनील सिंह का टिकट काट कर अपना उम्मीदवार बनाया है।

झारखंड में पारा 40 के पार, अभी और बढ़ेगा तापमान

गर्म हवा को लेकर मौसम विभाग का अलर्ट, 6-7 अप्रैल को हो सकती बारिश

PHOTON NEWS RANCHI : झारखंड के कई जिलों में तापमान अब बढ़ने लगा है। कई जगहों में तापमान 35 डिग्री के पार हो गया है, वहीं गोड्डा में तापमान 40 के आंकड़े को पार कर चुका है। मौसम विभाग ने अभी बढ़ती गर्मी से किसी तरह के राहत की संभावना जारी नहीं की है। अभी राज्य में तापमान और बढ़ने के आसार हैं। मौसम विभाग के अनुसार 3 अप्रैल तक राज्य के कई जिलों में तापमान बढ़ेगा। 4 और 5 अप्रैल को राज्य के दक्षिणी-पूर्व भाग में गर्म हवा चलने की संभावना जाहिर की गई है। 5 अप्रैल के बाद मौसम में गरमाहट और बढ़ने के आसार हैं। हालांकि 6 अप्रैल और 7 अप्रैल को राज्य में हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

अप्रैल में पड़ेगी जोरदार गर्मी : रांची समेत पूरे झारखंड के अधिकतम-न्यूनतम तापमान में इजाफा होने लगा है। अप्रैल के पहले सप्ताह में दिन का पारा दो से तीन डिग्री बढ़ने की संभावना है। दूसरे और तीसरे सप्ताह में तापमान में उतार-चढ़ाव जारी रहेगा। बीच-बीच में हल्के बादल और बूंदाबांदी से उमस बढ़ सकती है। अधिकतम तापमान 40 डिग्री पहुंच सकता है। अप्रैल के अंतिम सप्ताह में तापमान में और अधिक बढ़ोतरी होने की संभावना है। तापमान 42 से 43 डिग्री पहुंचने की संभावना है और इस दौरान लू भी चलेगी। यानी अप्रैल का पूरा महीना गर्म ही रहेगा। राज्य के मौसम में किसी बड़े बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन 2 से 3 दिनों में तापमान में तीन से पांच डिग्री की बढ़त हो सकती है।

फाइल फोटो।

बढ़ती गर्मी को लेकर एडवाइजरी जारी

- दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच धूप में बाहर जाने से बचें।
- पर्याप्त पानी पिये। जितनी बार संभव हो पियें। भले ही प्यास नहीं लगी हो।
- हल्के, हल्के रंग के डीले और छिद्रयुक्त सूती कपड़े पहनें। धूप में बाहर जाते समय सुरक्षात्मक चश्मे, छाता/टोपी या चप्पल का प्रयोग करें।
- जब बाहर का तापमान अधिक हो, तब बाहरी गतिविधियों से बचें।
- यात्रा करते समय अपने साथ पानी अवश्य रखें।
- शराब, चाय, कॉफी और काबोर्नेटेड शीतल पेय से बचें, जो शरीर को निर्जलित करते हैं।
- उच्च प्रोटीन वाले भोजन से बचें। वासी भोजन नहीं करें।
- यदि आप बाहर काम करते हैं, तो टोपी या छाते का उपयोग करें। अपने सिर, गर्दन, चेहरे और अंगों पर एक कपड़े का भी उपयोग करें।
- पार्क किए गए वाहनों में बच्चों या पालतू जानवरों को नहीं छोड़ें।
- यदि आप बेहोश या बीमार महसूस करते हैं तो तुरंत डॉक्टर से मिलें।
- ओ.आर.एस., घर में बने पेय जैसे लस्सी, तोरानी, नींबू पानी, छाछ आदि का उपयोग करें।

रांची में भारी मात्रा में नशे का सामान बरामद

RANCHI : रांची की दशम फॉल थाना पुलिस ने मैसुडीह गांव में छापेमारी कर एतवा मुंडा को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक किलो 300 ग्राम अफीम, 50 किलो डोडा, 20 लीटर देशी महुआ शराब, किंगफिशर का बीयर 24 पीस, मैक डॉवेल्स 375 एमएल का 24 पीस, मैक डॉवेल्स 180 एमएल का सात पीस, एम्पीरियल ब्लू 375 एमएल का तीन पीस, एट पीएम ब्लैक 375 एमएल का छह पीस बरामद किया गया है। ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल ने मंगलवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि दशम फॉल थाना पुलिस ने मैसुडीह गांव में एक व्यक्ति अवैध शराब,डोडा, शराब और अफीम रखकर बिक्री करता है। सूचना के बाद बुंडू एसडीपीओ रतिभान सिंह के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया।

सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिए युवाओं को तैयार करेगा युवा आजसू : अभिषेक

PHOTON NEWS RANCHI : अखिल झारखंड छात्र संघ (आजसू) के डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय इकाई के सदस्यों ने युवा आजसू के नवनियुक्त जिला सह प्रभारी अभिषेक झा का श्यामा प्रसाद मुखर्जी कैंपस में जोरदार स्वागत किया गया। विदित हो कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय से ही अभिषेक झा ने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत छात्र नेता के रूप में की थी। अपने 08 सालों के कार्यकाल में उन्होंने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के मूलभूत सुविधाओं को सुधार करवाने में कई सफलता भी पाई। वह छात्र-छात्राओं के बीच काफी लोकप्रिय छात्र नेता के रूप में भी जाने जाते है। स्वागत करने वाले सभी छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए युवा आजसू के रांची जिला सह प्रभारी अभिषेक झा ने कहा कि सामाजिक और राजनीतिक दायित्व के लिए युवाओं को तैयार करेगा युवा आजसू। आगे उन्होंने कहा कि मुझ जैसे कार्यकर्ता को रांची जैसे राजधानी में युवाओं को संगठित करने की बड़ी जिम्मेदारी देना सिर्फ और सिर्फ आजसू में ही संभव है। इसके लिए उन्होंने आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष का आभार प्रकट किया।

श्यामा प्रसाद मुखर्जी कैंपस में आजसू छात्र संघ जोरदार स्वागत।

मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर जोर दें पदाधिकारी : एसडीओ

- राजकीयकृत मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र न्यू पुलिस लाइन में चलाया गया बूथ जागरुकता कार्यक्रम

PHOTON NEWS RANCHI : रांची के सदर एसडीओ उत्कर्ष कुमार ने मंगलवार को रांची के राजकीयकृत मध्य विद्यालय सह संकुल संसाधन केंद्र न्यू पुलिस लाइन में बूथ जागरुकता कार्यक्रम चलाया। इस दौरान उप निर्वाचन पदाधिकारी विवेक सुमन, कार्यपालक दंडाधिकारी, स्कूल की प्रधानाध्यापिका, वॉलेंटियर और संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे। एसडीओ ने सभी मतदाताओं को स्वयं मतदान करने और अन्य लोगों को भी प्रेरित करने का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को बूथों पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने और मतदान प्रतिशत बढ़ाने पर विशेष जोर देने का निर्देश दिया। एसडीओ ने बताया कि मतदान केंद्रों में मौजूद बूथ अवेयरनेस ग्रुप के सदस्य दिव्यांगों और वृद्ध मतदाताओं की मदद करेंगे। साथ ही ग्रुप के सदस्य आम मतदाताओं को भी मतदान के लिए प्रेरित करेंगे। बूथ अवेयरनेस ग्रुप घर-घर जाकर मतदाताओं से संपर्क करेंगे और उन्हें मतदान केंद्र तक पहुंचने के लिए प्रेरित करेंगे ताकि मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जा सके। सदर एसडीओ ने बताया कि सभी मतदान केंद्रों में दिव्यांग और वृद्ध मतदाताओं को बूथ तक ले जाने के लिए विशेष व्यवस्था की जायेगी। बूथ पर पानी, बिजली, रैंप आदि सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जायेगी।

बैठक कर पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश देते एसडीओ।

झारखंड की सभी 14 सीटों पर जनता का आशीर्वाद मिलेगा : लक्ष्मीकांत वाजपेयी

मैं किसी पहचान की मोहताज नहीं : सीता सोरेन

PHOTON NEWS RANCHI : भाजपा प्रदेश मुख्यालय में एनडीए की बैठक हुई। टिकट कटने से नाराज विक्षुब्धों को साधने और पार्टी के प्रत्याशियों की जीत की रणनीति बनाने के लिए यह बैठक बुलायी गयी थी। दुमका से लोकसभा की उम्मीदवार सीता सोरेन भी बैठक में शामिल होने पार्टी कार्यालय पहुंचीं। उन्होंने कहा कि दुमका में एकतरफा मुकाबला है। दुमका की जनता सीता सोरेन (कमल छाप) को पहचानती है, ना कि तीर-धनुष (जेएमएम) को। मैं किसी पहचान की मोहताज नहीं हूं। मैंने क्षेत्र में विकास का काम किया है। बैठक में चतरा सांसद सुनील सिंह, लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत भी मौजूद थे। पार्टी ने इनका टिकट काट दिया है। वहीं भाजपा ने जिन नेताओं को चुनाव में टिकट दिया है, वह भी बैठक में मौजूद थे। झारखंड के प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी भी बैठक में मौजूद थे। बैठक से पहले उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के 10 साल के कार्यकाल के आधार पर चुनाव लड़ा जा रहा है। हमें जनता का आशीर्वाद मिलेगा। 14 लोकसभा सीटों पर एनडीए की जीत होगी। सरयू राय और ढुल्लू महतो प्रकरण को लेकर उन्होंने कहा कि विपक्ष का काम है बयान देना। बयान देने से किसी को भी रोका नहीं जा सकता है।

बैठक में मौजूद सीता सोरेन व भाजपा के अन्य नेता।

पीएम का संकल्प पूरा करने का लक्ष्य : सुदेश

RANCHI : लोकसभा चुनाव की तैयारियों के मद्देनजर झारखंड के एनडीए फोल्डर ने मंगलवार को रांची स्थित प्रदेश भाजपा कार्यालय में बैठक बुलायी। बैठक के बीच में संगठन के वरिष्ठ नेताओं ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस मौके पर सबसे पहले आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि यह बैठक राष्ट्रीय स्तर पर चल रहे पीएम मोदी के संकल्प को पूरा करने के लिए बुलायी गई। देश भर में पीएम मोदी ने 400 पार का लक्ष्य रखा है। इसी तरह झारखंड में भी हम 14 की 14 सीटें जीतने का लक्ष्य तय कर रखा है। इसके लिए जरूरी है कि हम दलीय आधार पर जनता से कब और किस तरह से संवाद स्थापित करें, इसे सुनिश्चित करना होगा। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह बैठक लोकसभा चुनाव में जिला और प्रखंड स्तर पर समन्वय स्थापित करने के लिए बुलाई गई। पिछले लोकसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने 14 में से 12 सीटें जीती थी। लेकिन इस बार एनडीए गठबंधन ने 14 की 14 सीटों पर जीत का लक्ष्य रखा है। पीएम मोदी के संकल्प अबकी बार 400 पार के लक्ष्य में हम उन्हें राज्य की सभी 14 सीट जीतकर तोहफा देंगे। वहीं, कई वरिष्ठ सांसदों के टिकट कटने के सवाल पर उन्होंने कहा कि सभी पार्टी के साथ हैं। किसी की कोई नाराजगी नहीं है।

रुणा शुक्ला ने किया सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन

PHOTON NEWS RANCHI : विश्वास की किरण ट्रस्ट द्वारा ग्राम अगडू, रातू, जिला रांची में निःशुल्क रामावती वृद्धाश्रम का संचालन किया जा रहा है। उसी परिसर में महिलाओं के स्वावलंबन हेतु निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण केंद्र प्रारम्भ किया गया। इसका उद्घाटन प्रसिद्ध समाजसेवी सह अधिवक्ता रुणा शुक्ला द्वारा किया गया। पहले ट्रस्ट की संचालिका किरण पांडे द्वारा उद्घाटनकर्ता रुणा शुक्ला को तिलक लगा कर एवं चुनरी उढ़ा के सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रुणा शुक्ला ने किरण पांडे के सामाजिक कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्हें हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का वचन दिया। रुणा शुक्ला ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों से मुलाकात भी की। इस अवसर पर आश्रम के संरक्षण सिद्धार्थ, रंगोली गुप्ता, संजीता श्रीवास्तव, किरण मुंडा, समजस्ववि गिरिजा शंकर पेड़ीवाल, कई गणमान्य एवं अन्य सहयोगी मौजूद थे।

BRIEF NEWS

ऑटिज्म डे पर निश्शक्त बच्चों-किशोरों ने किया जागरूक

JAMSHEDPUR : ऑटिज्म डे पर मंगलवार को समाहरणालय परिसर में कार्यक्रम हुआ, जिसमें निश्शक्त बच्चों-किशोरों ने इस बीमारी से लोगों को जागरूक किया। एस्पायर संस्था व पैरेंट्स एसोसिएशन ऑफ मेंटली हैंडीकैप्ड ऑफ जमशेदपुर (पीएएमएचजे) के संयुक्त तत्वावधान में ऑटिज्म से ग्रस्त हर मरीज को सशक्त बनाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपायुक्त अन्नय मित्तल ने भी निश्शक्त बच्चों-किशोरों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम में पीड़ित बच्चों के साथ उनके अभिभावक, शिक्षक सहित समाज के विभिन्न वर्ग के लोग शामिल थे।

सरस्वती शिशु विद्या मंदिर शास्त्रीनगर में हुआ हवन

JAMSHEDPUR : कदमा के शास्त्रीनगर में ब्लॉक-4 स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर के प्रांगण में मंगलवार को हवन हुआ। यह अनुष्ठान विद्यालय में नए सत्र के प्रारंभ होने पर किया गया। विद्यालय प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष श्याम किशोर सिन्हा, कोषाध्यक्ष सांवरमल शर्मा व प्रधानाचार्य सत्येंद्र कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर अनुष्ठान का शुभारंभ किया, जबकि पूजा-अर्चना पं. सत्य नारायण मिश्रा ने संपन्न कराई। इस.मौके पर दर्जनों शिक्षक-शिक्षिका, बच्चे व उनके अभिभावक उपस्थित रहे।

साकची शीतला मंदिर का विवाद फिर शुरू

JAMSHEDPUR : साकची स्थित शीतला मंदिर का विवाद एक बार फिर शुरू हो गया है। इस बार महंत बलदेव दास अखाड़ा के लाइसेंसी राजू वाजपेयी की ओर से अधिवक्ता जितेंद्र कुमार दुबे ने मनोज वाजपेयी को नोटिस भेजा है। इसमें गत वर्ष रामनवमी पूजा को लेकर उनके द्वारा स्वयं की रसीद छपाकर चंदा वसूलने और खर्च का ब्योरा नहीं देने सहित पूजा में व्यवधान डालने का आरोप लगाया गया है। राजू वाजपेयी का कहना है कि मनोज वाजपेयी इस बार भी रामनवमी पूजा में व्यवधान डाल रहे हैं।

भुजाली मारकर दो युवक को किया घायल, पुलिस ने किया फ्लैग मार्च

ROURKELA : मामूली घटना को लेकर बीरमित्रपुर में तनाव फैल गया है। मंगलवार को 10 प्लाटून पुलिस की तैनाती के साथ शहर में फ्लैग मार्च किया गया। अब स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार की रात गुप्तेश्वर मेला में दो पक्षों के बीच मामूली बात पर विवाद हो गया।बाद में यह विवाद अराजकता में बदल गया। एक पक्ष के भुजाली के हमले में दूसरे पक्ष के दो युवक घायल हो गये। बाद में पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया गया। इस घटना को लेकर अंचल में रोष बना हुआ है। पश्चिमांचल डीजी और सुंदरगढ़ एसपी बीरमित्रपुर पहुंचे और कानून व्यवस्था की स्थिति पर नजर रखे हुए है। बीरमित्रपुर शहर में 10 प्लाटून पुलिस तैनात की गई और सुबह फ्लैग मार्च भी किया गया। प्रशासन सह विभिन्न संगठनों ने शहर में शांति बनाये रखने की अपील की है।

शहीद गंगाराम की शहादत दिवस पर लगेगा रक्तदान शिविर : संघ

ROURKELA : ईचा खरकई बांध विरोधी संघ, कोल्हान और हो उम्बुल ट्रस्ट, पश्चिमी सिंहभूम के संयुक्त तत्वावधान में 4 अप्रैल 2024 को तांतनगर प्रखंड के कोकचो सामुदायिक भवन में शहीद गंगाराम कालुंडिया जी को शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर आयोजित कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी जाएगी। रक्तदान के सफल आयोजन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। इसकी जानकारी मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर संघ के अध्यक्ष बिर सिंह बिरूली और ट्रस्ट के सचिव शांति सिदू ने संयुक्त रूप से साझा की।

थाना से एक किमी की दूरी पर चल रही शराब फैक्ट्री का हुआ खुलासा

विदेशी शराब की बोतलें व 4 लाख 61 हजार रुपये नकद बरामद

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : धालभूमगढ़ प्रखंड क्षेत्र के चारचक्का स्थित सरकारी शराब की दुकान के समीप एक घर में अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजीत कुमार कुजूर के नेतृत्व में सोमवार को छापेमारी किया गया। इस छापेमारी में नकली विदेशी शराब बनाकर बेचने का मामला प्रकाश में आया। यहां नकली विदेशी शराब बनाने की मिनी फैक्ट्री चल रही थी। इस मामले में चार लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया। इसके साथ-साथ 1000 विभिन्न प्रकार के विदेशी शराब की बोतलों के ब्रांड, प्राइस स्टीकर, पैकिंग स्टीकर, ढक्कन और लगभग 15 बोतल स्प्रिट के साथ 4 लाख 61 हजार 200 रुपए नकद राशि भी बरामद की गई। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक जप्ती सूची बनाकर हिरासत में लिए गए लोगों से पूछताछ की जा रही है।

छापेमारी में शामिल पुलिस अधिकारी। ● फोटोन न्यूज

बताया जा रहा है कि नकली शराब गिरोह का सरगना नरसिंहगढ़ निवासी अजीत कुमार सिंह है। यह धंधा पिछले पांच वर्षो से चल रहा था। अनुमंडल प्रशासन ने जिस घर में छापेमारी की वह प्रखंड मुख्यालय यानि ब्लाक आफिस से शून्य तथा धलभूमगढ़ थाना से मात्र एक किमी की दूरी पर स्थित है। सबसे अजीब बात है कि ग्रामीण एवं पंचायत प्रतिनिधियों को इसकी भनक नहीं लगी। बताया जा रहा है कि मुख्य सरगना अजीत कुमार सिंह सरकारी शराब दुकान में विगत कई वर्षो से कार्य कर रहा था। हालांकि छापेमारी के दौरान अजीत कुमार सिंह फरार हो गए और मोबाइल स्वीच आफ है।

शराब दुकान में काम करते हैं हिरासत में लिए गए कर्मचारी : चारचक्का निवासी काकुली देवी के घर में नकली शराब का कारोबार कई वर्षो से धड्ल्ले से चल रहा था। इसकी भनक काकुली देवी को भी नहीं लगी। काकुली देवी ने छापेमारी के समय एसडीओ, डीएसपी एवं अन्य पदाधिकारियों को बताया कि वे अजीत कुमार सिंह के कहने पर धर्मेंद्र कुमार एवं संजीत कुमार नाम के व्यक्ति को मासिक 2500 रुपये भाड़े में दिया था। यहां दो लोग सरकारी शराब दुकान में काम करते थे। उनलोगों ने कहा था वे लोग यहां रहेंगे और खाना बनाएंगे।

100 रुपये के नकली शराब को 200-500 रुपये में बेचा जाता था : विभिन्न प्रकार ब्रांड के शराब के बोतलों में स्प्रिट डालकर असली शराब बताकर बेचा जा रहा है। इस कारण इस दुकान से शराब का सेवन करने वाले विगत कई वर्षो से कई गंभीर बीमारियों से भी जूझ रहे हैं, एवं कईयों की मौत भी हो चुकी है। हालांकि एक साथ लोगों की मौत न होने के कारण यह मामला तूल नहीं पकड़ता था। छापेमारी दल में अनुमंडल पदाधिकारी सच्चिदानंद महतो, एसडीपीओ अजीत कुजूर, अंचलाधिकारी समीर कच्छप, कार्यपालक दंडाधिकारी अमन कुमार, थाना प्रभारी राजेंद्र कुमार मुंडा एवं काफी संख्या में पुलिस बल मौजूद थे।

नहीं सील हुई दुकान, ग्रामीणों ने जताई नाराजगी

अनुमंडल प्रशासन द्वारा नकली शराब का भंडाफोड किए जाने के बाद मौके पर पहुंची उत्पाद विभाग की टीम के वरीय अधिकारियों ने कहा कि सरकारी दुकान में अवैध रूप से नकली शराब नहीं बेचा जाता है। दुकान में रखे सभी शराब की बोतलों को सही पाया गया। हालांकि इस मामले की जांच की जाएगी। इधर ग्रामीणों का कहना है कि नकली विदेशी शराब जब पैकिंग कर बेचा जा रहा है। बेचने वाले सरकारी शराब दुकान के कर्मचारी है तो उक्त दुकान में कैसे सब शराब की बोतले सही है। सरकारी शराब दुकान में नकली शराब की विदेशी बोतले भी बेची जा रही है। इस दुकान को सील न करना उत्पाद विभाग की कार्यशैली को दशार्ता है।

स्वतंत्र ओडिशा का गठन गर्व और गौरव की बात

लोगों को संबोधित करतीं अतिथि। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : गवर्नमेंट ऑटोनॉमस कॉलेज, राउरकेला द्वारा कॉलेज परिसर में उत्कल दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का आयोजन कॉलेज के ऑर्डिनेशन विभाग द्वारा किया गया और अध्यक्षता प्रोफेसर डॉ. विजय कुमार बेहरा ने की। इस अवसर पर, सभी अतिथियों और उपस्थित लोगों के साथ छात्रों ने राज्य संगीत - बंदे उत्कल जननी गान गाकर इस दिन को याद किया।

ऑर्थोलॉजी विभाग की व्याख्याता डॉ. सुचित्रा मोहंती के संचालन में आयोजित इस कार्यक्रम में वरिष्ठ शिक्षाविद् एवं शोध प्राध्यापक डॉ. प्रभात मल्लिक ने मुख्य वक्ता के रूप में भाग लिया और एक स्वतंत्र ओडिशा प्रांत के गठन पर चर्चा की। विशेषकर मधुसूदन द्वारा उत्कल सम्मेलन के माध्यम से आयोजित किये गये कार्यक्रमों के कारण डॉ. मल्लिक ने विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि इस दिन को मनाना समस्त ओडिया लोगों के लिए गर्व एवं गौरव की बात है। प्रोफेसर डॉ. बेहरा अपने भाषण में कहा कि भाषा के आधार पर उत्कल प्रदेश का गठन प्राचीन भारत की एक उल्लेखनीय घटना थी।ऑथोर्पेडिक विभाग की प्रमुख डॉ. सुषमा मोदी, व्याख्याता सुबनाथ, विभागीय व्याख्याता रजनी किसान और सुचिस्मिता माडू, विश्वरंजन दास मुख्य ने उत्कल दिवस समारोह के अवसर पर भाषण दिया और इसके लिए काम करने वाले विभिन्न महान लोगों के बलिदान पर चर्चा की। साथ ही कॉलेज के वरिष्ठ व्याख्याता एवं प्रशासनिक अधिकारी प्रशांत कुमार सेठी ने उत्कल दिवस मनाने के संबंध में चर्चा की।

राउरकेला होटल एण्ड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन ने शुरू किया प्याउ

। ● फोटोन न्यूज

PHOTON NEWS ROURKELA : राउरकेला होटल एण्ड रेस्टोरेंट्स एसोसिएशन द्वारा उत्कल दिवस के पर पहली बार एसोसिएशन द्वारा पीने का पानी के लिए एक प्रोजेक्ट शुरू हुआ किया। अध्यक्ष प्रवीण गर्ग के नेतृत्व में वृन्दावन होटल के प्रांगण में 31 होटलो द्वारा मट्टी के दो घडो के 31 स्टैंड बनाकर विधिवत पूजन अर्चना कर सभी दानदाताओ द्वारा अपने अपने प्याऊ का उद्घाटन किया।

उद्घाटन के शुभअवसर पर अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने सभी पधारे सदस्यो का हार्दिक अभिनंदन किया। एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष श्यामलाल गुप्ता, वरिष्ठ सदस्य शैलेन्द्र महान्ती, पूर्व उपाध्यक्ष मोहम्मद सहाब्बुदिन, सदस्य सूरेश मित्तल, उपाध्यक्ष नवीन चावला ,खिरोद कुमार साहू, महासचिव अरुण कुमार जिंदल, सहसचिव बिश्वनाथ डे, कोषाध्यक्ष कैलाश अग्रवाल, कार्यकारीणी सदस्य सूरेश मित्तल, उज्ज्वल राए, अनील अग्रवाल, सतीश गुप्ता, मजींदर सिंह, हरदेव सिंह, मुकेश केडीया, विनय गुप्ता, नीरज अग्रवाल, सदस्य अमरप्रीत सिंह, अनील मित्तल, अतुल अग्रवाल, ललित केजरीवाल, सुशील सिंह, रंजन राज, निखिल गुप्ता, दीपक मित्तल, पंकज कुमार, शुकान्त पण्डा एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

प्रत्युषा बनर्जी की 8वीं पुण्यतिथि पर स्वजनों ने अर्पित की श्रद्धांजलि

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : बालिका वधू फेम अभिनेत्री प्रत्युषा बनर्जी के निधन को 8 वर्ष पूरे हो गए हैं। सोनारी के पंचवटी नगर स्थित प्रत्युषा के पैतृक आवास पर सोमवार को प्रत्युषा की 8वीं पुण्यतिथि मनाई गई, जिसमें प्रत्युषा की दादी झरना बनर्जी व संजय दास समेत पड़ोसियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर संजय दास ने कहा कि यह अफसोस की बात है कि आठ वर्ष बाद भी प्रत्युषा की मौत से पर्दा नहीं हट सका। आरोपियों को सजा नहीं मिली।

प्रत्युषा बनर्जी का जन्म जमशेदपुर के सोनारी में 10 अगस्त 1991 को हुआ था। प्रत्युषा ने टीवी धारावाहिक बालिका वधू के अलावा टीवी रियलिटी शो 'झलक दिखला जा सीजन-5 और 'बिग बॉस सीजन-7 में भी अपने अभिनय का जौहर दिखा चुकी थी। प्रत्युषा बनर्जी तो इस दुनिया से चली गई, लेकिन उसके माता-पिता सौम्या बनर्जी व शंकर बनर्जी इस कदर टूट गए है के वे आज भी प्रत्युषा के लिए न्याय की आस लगाए मुंबई में रह रहे हैं।

प्रत्युषा बनर्जी को श्रद्धांजली देते परिजन। ● फोटोन न्यूज

ऐसे हुई थी मौत : प्रत्युषा बनर्जी ने अगस्त 2015 में व्यापारी मकरंद मल्होत्रा के साथ रिश्ता बनाया था, लेकिन उनका संबंध ज्यादा दिन नहीं चला। मकरंद मल्होत्रा से संबंध टूटने के बाद प्रत्युषा बनर्जी अभिनेता व निमार्ता राहुल राज सिंह के संपर्क में आई। बालिका वधू की आनंदी' 24 वर्ष की प्रत्युषा ने एक अप्रैल 2016 को अपने फ्लैट में फांसी लगा ली थी। हालांकि प्रत्युषा के माता-पिता ने थाने में हत्या की आशंका के साथ प्राथमिकी कराई थी, लेकिन आज तक इस रहस्य से पर्दा नहीं हट सका कि प्रत्युषा ने आत्महत्या की थी या उसकी हत्या की गई थी। उसकी मौत का जिम्मेदार कौन है, पुलिस यह पता नहीं लगा सकी।

तीन माह बाद जेल से बाहर निकला लोहा कारोबारी

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : जुगसलाई निवासी अमित अग्रवाल उर्फ विक्की भालोटिया तीन माह बाद घाघीडीह जेल से जमानत पर मंगलवार को निकला। उसे 11 दिसंबर 2023 को डायरेक्टर जेनरल ऑफ सेंट्रल जीएसटी इंटेलीजेंस (डीजीजीआई) ने कोलकाता के एक होटल से गिरफ्तार किया था। उस पर 9.52 करोड़ रुपये की जीएसटी में गड़बड़ी करने का आरोप है।

यहां बता दें कि उसे गिरफ्तार करने के लिए पहले आयकर अन्वेषण विभाग, पटना की टीम ने यहां छापेमारी की थी, लेकिन वह नया बाजार, जुगसलाई स्थित आवास पर नहीं मिला था। उसी समय टीम को पता चला कि वह कोलकाता के होटल में अपने तीन दोस्तों के साथ ठहरा है। तब जाकर विभाग की टीम ने कोलकाता पुलिस की मदद से उसे कोलकाता में गिरफ्तार कर यहां ले आई। जांच के दौरान सुबूत मिलने के बावजूद आयकर की टीम उसे गिरफ्तार नहीं कर पा रही थी,

तब जाकर जीएसटी की टीम ने उसे अपने पुराने मामले में गिरफ्तार करके जेल भेजा था।

2021 में भी हुआ था गिरफ्तार : विक्की भालोटिया इससे पहले 2021 में भी गिरफ्तार हुआ था। तब उसके खिलाफ बोकारो के ही एक व्यवसायी ने गबन का मामला दर्ज कराया था। वह गिरफ्तारी बंगाल पुलिस ने की थी। दोनों मामले लोहा कारोबार और उसमें इनपुट टैक्स क्रेडिट के अंतर्गत धोखाधड़ी से जुड़े हैं।

सुंदरगढ़ बीजेडी सांसद प्रत्याशी पद्मश्री डॉ. दिलीप तिर्की का हुआ भव्य स्वागत

PHOTON NEWS ROURKELA : बीजू जनता दल के सुंदरगढ़ सांसद प्रत्याशी के नाम की घोषणा के बाद डॉ दिलीप तिर्की पहली बार राउरकेला आए / बीजेडी की छात्र, युवा महिला, वरिष्ठ नेता और कार्यकताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान दिलीप तिर्की काफी भावुक हो गये और कहा, "आप सभी हमारे दल के योद्धा माननीय मुख्यमंत्री के लिए कई वर्षों से दल के लिए कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी आम चुनाव में सुंदरगढ़ की जनता को बड़ी सफलता मिलेगी और उनकी मेहनत की जीत होगी। इस दौरान वरिष्ठ नेता आनंद चंद्र मोहंती, जयंत कुमार मिश्रा,

सांसद प्रत्याशी दिलीप तिर्की का स्वागत करते कार्यकर्ता। ● फोटोन न्यूज

श्रीचरण महंती, सुदाम चंद्र दास, मिनती देवता, रश्मिता मिश्रा, आरती साहू, प्रियंका पाणि, मौसमी सतपति, नमिता नायक, नीलिमा साहू, धरित्री शेट्टी, मनोरमा बेहरा, संतोसिनी नायक, दमयंती साहू, विभूति पुहान, रंजन कुमार नायक, राजेंद्र कुजूर, डी अभिक कुमार, राहुल मोहंती, बिरंची सामल, संजीव छोटराए, प्रणय नायक, लालजी सिंह, काबुली प्रतिहारी, नसीम अख्तर, लिटू पुहान, जॉर्ज आनंद, आशुतोष जयसवाल, बाबूलाल रजक, प्रशांत नायक, लकी सिंह, धनजंय महापात्र, श्रीकांत नायक, इजाज अख्तर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

आइटीआई पास विद्यार्थियों के लिये अप्रेंटिसशिप करना जरुरी : सीजीएम

CHAIBASA : सेल की मेघाहातुबुरु खदान प्रबंधन ने सीजीएम आरपी सेलबम के नेतृत्व में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया। इसमें दो बैच के आइटीआई पास सारंडा के विभिन्न गांवों के 20 विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र, बैग और फाईल दिया गया। इसके अलावे सारंडा के गांवों के 10 किसानों के बीच सब्जियों के बीज, खाद, झरना आदि वितरण किया। सभी 20 विद्यार्थियों को सीएसआर योजना के तहत मेघाहातुबुरु प्रबंधन ने अपने खर्च से आइटीआई कराया है। सीजीएम आरपी सेलबम ने आइटीआई पास सभी छात्रों का बेहतर भविष्य की कामना करते हुये कहा कि ग्रामीण विद्यार्थियों का स्कील डेवलपमेंट व बेहतर भविष्य हेतु आइटीआई कराया जा रहा है। एचएएम का प्रशिक्षण भी जल्द प्रारम्भ करेंगे।

ब्राह्मण कल्याण सभा के वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल का मना जन्मदिन

PHOTON NEWS ROURKELA : सामाजिक संगठन ब्राह्मण कल्याण सभा के वरिष्ठ सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष मनोहर लाल महर्षि का जन्मदिन हनुमान वाटिका परिसर के भगवान परशुराम मंदिर परिसर में धूमधाम से मनाया गया। वरिष्ठ सदस्य मनोहर लाल के जन्मदिन को लेकर भगवान परशुराम की पूजा अर्चना किया गया और केक काट कर इस अवसर को मनाया गया।इस अवसर पर समाज के लोगों ने वरिष्ठ सदस्य महर्षि को जन्मदिन की बधाई एवं शुभकामनाएं दी, उनके दीघार्यु की कामना की गई। समाज को एकजुट होकर विकास के राह में लाने का आग्रह महर्षि ने किया वही परशुराम मंदिर में इलेक्ट्रॉनिक

जन्मदिन मनाते संगठनर के लोग। ● फोटोन न्यूज

यांत्रिक यंत्र आरती की घंटी का शुभारंभ महर्षि जी के हाथों से किया गया।इस मौके पर केक एवं मिठाई सभी के बीच वितरित किया गया। इस कार्यक्रम में समाज के बजरंग लाल शर्मा, जुगल किशोर शर्मा,राम अवतार शर्मा,जगदीश हरित,दिलीप शर्मा, विनय शर्मा, मुरारी लाल चौमाल, शिव शंकर शर्मा, श्रवण परिक रामस्वरूप चौबे, टिंकू चोमाल, शांतिलाल पारीक, जयप्रकाश शर्मा, रविकांत शर्मा, शशिकांत शर्मा, राजेंद्र शर्मा, सुनील शर्मा, प्रद्युमन शर्मा,महावीर शर्मा समेत काफी संख्या में वरिष्ठ सदस्य गण समाज की महिला पुरुष सदस्य गण शामिल हुए।

विधायक सरयू राय ने विपक्ष से की धनबाद लोकसभा सीट के लिए बेहतर उम्मीदवार की मांग, बोले-

बिल्ली के गले में घंटी बांधने के लिए मैं तैयार

PHOTON NEWS JAMSHEDPUR : लोकसभा चुनाव में धनबाद की सीट हॉटकेक बन चुका है, अब इसमें कोई शक नहीं रहा। जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय ने मंगलवार को इसी मुद्दे पर संवाददाता सम्मेलन की, जिसमें सरयू ने कहा कि धनबाद में भाजपा ने जो उम्मीदवार दिया है, उसका विरोध कोई खुलेआम नहीं कर रहा है, लेकिन हर किसी के मन में दहशत है। मारवाड़ी समाज के कृष्णा अग्रवाल ने भी बाबूलाल मरांडी को यही पत्र लिखा था कि उम्मीदवार बदलिए, लेकिन पत्र मिलने के चार घंटे के अंदर उम्मीदवार (ढुल्लू महतो) का फोन आ गया और उन्होंने फोन पर ही कृष्णा अग्रवाल की ऐसी-तैसी कर दी। ऐसे समय में वहां के लोग मुझसे चुनाव लड़ने को कह रहे हैं, जबकि मैं कह रहा हूं कि विपक्ष

मीडिया को संबोधित करते विधायक सरयू राय। ● फोटोन न्यूज

वहां कोई बेहतर उम्मीदवार दे, वरना मैं तो बिल्ली के गले में घंटी बांधने को तैयार हूं। मेरा धनबाद की जनता से यही कहना है कि इस बार के चुनाव में सभी लोग पार्टी लाइन से हटकर अंतरात्मा की आवाज पर मतदान करें।

बाबूलाल भी जज नहीं : सरयू राय ने कहा है कि कल बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि उनका उम्मीदवार (ढुल्लू महतो) अपराधी नहीं है, सामाजिक व्यक्ति है। सरयू राय कोई जज नहीं हैं। इस पर मैं कहना चाहता हूं कि बाबूलाल भी जज नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट के पांच जजों की खंडपीठ ने कहा है कि दो साल से ज्यादा सजा पाने वाले की सदस्यता समाप्त होनी चाहिए। इस हिसाब से ढुल्लू महतो पर 50 से अधिक मुकदमे हैं, जिसमें चार अलग-अलग जजों ने सजा सुनाई है, वह करीब साढ़े चार साल हो रही है। ऐसे में बाबूलाल के उम्मीदवार के साथ क्या होना चाहिए, यह तो चुनाव आयोग को भी देखना चाहिए।

399 प्लस से भी प्रधानमंत्री का लक्ष्य पूरा हो जाएगा : विधायक सरयू राय ने कहा कि प्रधानमंत्री ने इस बार भाजपा के लिए 400 पार का नारा दिया है। मेरा कहना है कि यदि भाजपा एक सीट (धनबाद) को छोड़ दे तो 399 प्लस से भी प्रधानमंत्री का लक्ष्य पूरा हो जाएगा। भाजपा के उम्मीदवार की क्षेत्र में इतनी दहशत है कि कोई खुलकर बोलने का साहस नहीं कर पा रहा है। दबी जुबान से सभी मान रहे हैं कि उम्मीदवार ठीक नहीं है। ऐसे में भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को भी सोचना चाहिए कि वे 399 पार में संतोष करना चाहते हैं या 400 पार ही चाहिए।

प्रिंस खान को संत कहा : सरयू राय ने प्रेस वार्ता में कहा कि धनबाद के एक संत हैं प्रिंस खान। वे विदेश से रहकर भाजपा उम्मीदवार के पक्ष में लोगों को धमका रहे हैं। उनके नाम से एक ऑडियो वायरल हो चुका है, जिसमें हैदर अली उर्फ प्रिंस खान ने मुझे और कृष्णा अग्रवाल को धमकाया है। इस बारे में भी बाबूलाल को बोलना चाहिए कि प्रिंस खान और उनके उम्मीदवार (ढुल्लू महतो) में क्या गठबंधन है।

मधुसूदन दास एवं गोपबंधु दास की मनाई गई जयंती

PHOTON NEWS ROURKELA : सामाजिक संगठन राजस्थान परिषद की ओर से उत्कल दिवस के अवसर पर मधुसूदन चौक स्थित मधु बाबू की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के साथ दुर्गा मंडप के समक्ष शरबत वितरण किया गया / काफी संख्या में विभिन्न संगठन के लोगों एवं आम लोगों ने शरबत पी । बाद में अमर भगवान परिसर में उत्कल गौरव मधुसूदन दास एवं गोपाबंधु दास के चित्र पर माल्यार्पण करने के साथ उत्कल दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राजस्थान परिषद के अध्यक्ष संतोष अग्रवाल समेत अन्य पदाधिकारी शामिल हुए इसके बाद उत्कल जननी गाया गया/ मधुसूदन दास एवं गोपालबंधु दास के जीवनी पर प्रकाश डाला गया/ उत्कल गौरव मधुसूदन दास समाज हित के लिए अपना जीवन लगा दिए उनके काम को ओडिशा के लोग कभी भुला नहीं पाएंगे। इस कार्यक्रम के अवसर पर राजस्थान परिषद के उपाध्यक्ष जुगल किशोर मारोठिया, सचिव विनोद नरेड़ी, कोषाध्यक्ष मुकेश राज केडिया समेत अशोक अग्रवाल, गोविंद अग्रवाल, दीपक जैन, दिलीप शर्मा, रवि बगड़िया, गौरव चौधरी और अन्य सदस्य शामिल हुए।

36 लोगों की टीम कर रही सर्वे भूमिहार वोट

बैंक में सेंधमारी कर सिग्रीवाल को देंगे टक्कर

पटना। लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के युवा चेहरे कन्हैया कुमार पर बहुत लोगों की नजरें टिकी है। कन्हैया ने पिछला लोकसभा चुनाव अपने गृह क्षेत्र बेगूसराय से सीपीआई के टिकट पर लड़ा था, लेकिन अब वो सीपीआई में नहीं बल्कि कांग्रेस में हैं। बड़ी बात यह है कि महागठबंधन में बेगूसराय सीट सीपीआई के हिस्से गई है और यहां से उम्मीदवार की घोषणा हो चुकी है। सीपीआई ने यहां से अवधेश राय को मैदान में उतारा है। इसके बाद यह चर्चा तेज है कि महाराजगंज सीट से कन्हैया कुमार लोकसभा चुनाव लड़ सकते हैं। हालांकि, कांग्रेस ने अभी इस पर फैसला नहीं लिया है। दिलचस्प यह है कि महाराजगंज में 35-40 लोगों

की टीम एक सर्वे कर रही है कि कन्हैया कुमार के नाम पर यहां के लोगों की राय क्या है। कन्हैया कुमार के साथ रहने वाले सुशील कुमार और उनकी टीम इस सर्वे में लगी है। सुशील कुमार बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सदस्य हैं। यह सर्वे कांग्रेस की ओर से आधिकारिक रूप से नहीं कराया जा रहा है, लेकिन सर्वे की रिपोर्ट कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जन खड़गे को सौंपी जाएगी। जानकारी है कि महाराजगंज में कन्हैया कुमार के नाम पर लोगों में काफी उत्साह देखा जा रहा है। आरजेडी के रणधीर सिंह बड़े अंतर से हारे थे महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में सबसे अधिक आबादी राजपूत की है। इसके बाद भूमिहार की आबादी है। एनडीए ने यहां से एक बार फिर से जनार्दन सिंह सिग्रीवाल को उम्मीदवार बनाया है। पिछली बार यहां से बीजेपी के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के खिलाफ आरजेडी से प्रभुनाथ सिंह के बेटे रणधीर सिंह मैदान में थे। रणधीर सिंह 2 लाख 30 हजार 772 वोट से चुनाव हार गए थे। महाराजगंज प्रभुनाथ सिंह का किला नहीं रहा महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र में सीवान की दो और सारण की चार विधानसभा सीट शामिल हैं। गोरियाकोठी, महाराजगंज, बनियापुर, मांझी, एकमा और तरैया विधानसभा महाराजगंज लोकसभा में हैं। 1957 में महाराजगंज लोकसभा क्षेत्र बना था। यह सीट उस समय काफी चर्चा में आया था, जब पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर यहां से 1989 में रिकार्ड मतों से लोकसभा का चुनाव जीते थे। उन्होंने जब इस्तीफा दिया तो रामबहादुर सिंह सांसद चुने गए। प्रभुनाथ सिंह यहां से लगातार चार बार सांसद रह चुके हैं। उमाशंकर सिंह भी सांसद बने। बीजेपी के जनार्दन सिंह सिग्रीवाल 2014 में और 2019 में यहां से लोकसभा का चुनाव जीते। प्रभुनाथ सिंह पिछले कई वर्षों से जेल में हैं। अशोक सिंह मर्डर केस में उनको आजीवन कारावास की सजा है। 1995 में छपरा में राजेंद्र राय (18) और दरोगा राय (47) की मतदान केंद्र के नजदीक हत्या हुई थी। प्रभुनाथ सिंह को सुप्रीम कोर्ट से सजा हुई। जानकारी है कि सुप्रीम कोर्ट से बेल भी रिजेक्ट है। लालू प्रसाद ने जिन बाहुबलियों को बिहार की राजनीति में संरक्षण दिया, उनमें एक बड़ा नाम प्रभुनाथ सिंह का भी था। आजीवन कारावास के बाद जब प्रभुनाथ सिंह का रास्ता राजनीति में बंद हो गया तो उनके बेटे रणधीर सिंह को आरजेडी ने टिकट दिया था। यह राजपूतों के बाद भूमिहारों की बड़ी आबादी वाला क्षेत्र हैं। प्रभुनाथ सिंह के बेटे रणधीर कुमार सिंह आरजेडी से आते हैं और 2019 के लोकसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर जरूर रहे पर वोटों का अंतर 2 लाख 30 हजार 772 का रहा। सर्वे में बात सामने आ रही कि कन्हैया कुमार चुनाव लड़ते हैं तो बीजेपी के सिग्रीवाल को मजबूत टक्कर दे सकते हैं। कन्हैया के जीतने से कांग्रेस को 5 बड़े फायदे होंगे लोकसभा में मुखर नेता कांग्रेस को मिलेगा।

बिहार में 10 अप्रैल के बाद चलेगी लू



बिहार। के अधिकतर जिलों में मौसम आज सामान्य बना रहेगा। कड़ी धूप निकलेगी। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा चलने से गर्मी का कम एहसास होगा। मौसम विभाग के अनुसार 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। सभी जिलों के अधिकतम तापमान में भी काफी वृद्धि देखने को मिलेगी। वहीं लगातार दूसरे दिन वैशाली जिले का तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इसके पहले रविवार को सबसे अधिक तापमान वैशाली में ही 41.9 डिग्री सेल्सियस रहा था। 1 अप्रैल से प्री मानसून का महीना शुरू हो गया है। उत्तरी-पछुआ शुष्क हवा ने तेवर दिखाने शुरू कर दिए हैं। इस वजह से अधिकतम और न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी शुरू हो गई है। 10 अप्रैल के बाद से ही प्रदेश में लू चलने लगेगी। वहीं मौसम विभाग के अनुसार इस बार अधिक लू चलने की आशंका जताई जा रही है। इसकी वजह है अप्रैल की शुरूआत से ही शुष्क पछुआ हवा का चलना। अप्रैल में औसत अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक जा सकता है। मौसम विभाग ने बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है। 5 अप्रैल को फिर पश्चिमी विक्षोभ दस्तक देने वाला है। इसका थोड़ा बहुत असर बिहार के मौसम पर भी पड़ेगा। इस वजह से दो-तीन दिन अधिकतम और न्यूनतम तापमान में कुछ कमी हो सकती है। इसी माह में काल बैसाखी का भी प्रभाव पड़ेगा। इसमें कहीं-कहीं तेज आंधी के साथ बारिश, मेघगर्जन, वज्रपात और ओला भी गिर सकता है तो कहीं धूल भरी तेज आंधी भी चल सकती है। पिछले साल अप्रैल में पटना समेत बिहार के कई हिस्सों में हल्की बारिश हुई थी। दो-तीन दिन वेदर क्लाउडी था। पिछले 24 घंटे के दौरान वैशाली जिला सबसे गर्म रहा जहां का अधिकतम तापमान 40.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

अगड़ा-पिछड़ा के साथ बाहुबली पर भी लौटे लोकसभा में विधानसभा का विनिंग कॉम्बिनेशन कर रहे तैयार

बिहार। पिछले दो चुनावों से बिहार की सियासत से बाहर रहे लालू प्रसाद यादव अचानक लोकसभा चुनाव में एक्टिव हो गए हैं। उनकी एंट्री इतनी दमदार हुई है कि वो एक बार फिर से विपक्ष की सियासत की धुरी बन गए हैं। महागठबंधन में सीट शेयरिंग हो या फिर कैंडिडेट सिलेक्शन, बिना उनकी सहमति के कुछ नहीं हो रहा है। इस चुनाव में लालू प्रसाद की ताकत का अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि

पहले वो अपने कैंडिडेट को सिंबल देते हैं। इसके बाद गठबंधन के सहयोगियों के साथ बैठकर सीट शेयरिंग करते हैं। टिकट बंटवारे में वो 90 के दशक वाले फॉमूर्ले को आजमा रहे हैं, जिसके दम पर उन्होंने बिहार में डेढ़ दशक तक राज किया। अगड़ा वर्सेज पिछड़ा के साथ-साथ बाहुबली, वफादार और पारिवारिक सदस्यों पर दांव लगा रहे हैं। ऐसे में चर्चा इस बात की शुरू हो गई है कि जब राजद की राजनीति में तेजस्वी यादव अपनी मजबूत पैठ बना चुके हैं। लालू की राजनीतिक विरासत को वो संभाल चुके हैं। बिना लालू पिछले विधानसभा में वो राजद को राज्य की सबसे बड़ी पार्टी बनाकर अपनी रणनीति साबित कर चुके हैं तो आखिर क्यों लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर से कमान अपने हाथ में लेनी पड़ी? पॉलिटिकल एक्सपर्ट कहते हैं कि लालू प्रसाद यादव इस बात को अच्छे से जानते हैं कि इस लोकसभा चुनाव में उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। अपनी रणनीति के तहत वो एक भी सीट जीतने में कामयाब होते हैं, तो यह उनकी सफलता मानी जाएगी।

भोजपुर और नवादा के डीएम और एसपी हटाए गए

बिहार। लोकसभा चुनाव के मतदान के पहले निर्वाचन आयोग भोजपुर डीएम राजकुमार और एसपी प्रमोद कुमार यादव, साथ ही नवादा डीएम आशुतोष वर्मा और एसपी अम्बरीष राहुल पर एक्शन लिया है। निर्वाचन आयोग ने चारों अधिकारियों को हटा दिया है। साथ ही आम चुनाव पूरा होने तक किसी भी तरह की चुनावी ड्यूटी पर इन्हें नहीं लगाने का निर्देश दिया है। नवादा डीएम 2013 बैच के आईएएस हैं। नवादा में 15 जुलाई 2023 से पोस्टेड हैं। महागठबंधन की सरकार में डीएम बने थे। नौ महीने से भी कम वक्त नवादा में रहें। भोजपुर डीएम राजकुमार

2010 बैच के आईएएस अफसर हैं। 7 मई 2022 से भोजपुर डीएम की कुर्सी पर तैनात हैं। समाज कल्याण विभाग में भी पोस्टेड रहे हैं। मुजफ्फरपुर बालिका कांड के वक्त समाज कल्याण विभाग में तैनात थे। रोहिणी आचार्य ने आज चुनाव प्रचार शुरू कर दिया है। उन्होंने मंगलवार को लालू और राबड़ी से आशीर्वाद लिया। फिर पटना से सारण के लिए निकल गईं। वो वहां रोड शो करेंगी। पटना में उन्होंने कहा कि अभी मैं जनता के बीच जा रही हूं। हरिहरनाथ और मां-बाप, सास-ससुर का आशीर्वाद मिला है। रोहिणी सारण से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रही हैं। उन्होंने भास्कर से चुनाव लड़ने की पुष्टि भी कर दी है। हालांकि अभी आधिकारिक रूप से पार्टी ने उन्हें प्रत्याशी घोषित नहीं किया है। एक दिन पहले उन्होंने सोनपुर में परिवार के साथ हरिहरनाथ मंदिर में पूजा की थी। अपने चुनाव अभियान में निकले से पहले उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किया- ले कर अपने भगवान का आशीर्वाद चले हम अब जनता जनार्दन के द्वार। उन्होंने पोस्ट में लालू-राबड़ी के पैर छूते और मंदिर में पूजा करते हुए की तस्वीर भी शेयर की है। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारी में जुटी हैं। बीजेपी ने इलेक्शन के लिए बिहार संग मोदी..मोदी संग बिहार गाने को लॉन्च किया। उसके बाद आज जदयू ने भी अपना इलेक्शन सॉन्ग रिलीज किया है। ये गाना 5 मिनट का है और इसे बिहार के बच्चों ने ही बनाया है। खास बात यह है कि इस गाने में बिहार में रोजगार देने पर फोकस किया गया है। बिहार में जदयू ने लोकसभा प्रभारियों की लिस्ट जारी की है।

2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की गोली मारकर हत्या

भोजपुर। में 2 कट्ठा जमीन के लिए पिता-पुत्र की मंगलवार को गोली मारकर हत्या कर दी गई। पिता को 4 गोलियां लगीं, जबकि बेटे के पेट में बुलेट लगने से उसकी मौत हो गई। इस जमीन के टुकड़े के लिए गांव के दो परिवारों में विवाद चल रहा है। 15 साल में अब तक 8 लोगों का खून बह चुका है। 2009 में दोनों पक्षों में 3-3 लोगों की हत्याएं हुई थीं, जिसमें एक महिला भी शामिल है। अब पिता-पुत्र पर ताबड़तोड़ फायरिंग की गई है।मृतकों में रघुनीपुर गांव निवासी स्वर्गीय बली सिंह के बेटे रामाधार सिंह (65) और उनका बेटा मुकेश यादव (35) शामिल है। वारदात

उदवंतनगर थाना क्षेत्र के रघुनीपुर गांव में मंगलवार सुबह हुई। हत्या के बाद आरोपी एक घर में छिपे थे। उन्हें पकड़ने गई पुलिस पर आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की। जवाबी कार्रवाई में दो आरोपी को गोली लगी है। दोनों को इलाज के लिए ले जाया गया है। पिताझपुत्र की हत्या के बाद आरोपी हथियार के साथ बेलाऊर गांव के पूरब पट्टी सत्यपर स्थित एक घर में छिपे हुए थे। छिपने की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। जहां आरोपियों की तरफ से ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिसके बाद पुलिस ने भी जवाबी फायरिंग की। कार्रवाई में दो आरोपी को गोली लगी है। जिनका इलाज अस्पताल में कराया जा रहा है। आरोपियों ने पुलिस पर 20 से 25 राउंड फायरिंग की। मृतक के बेटे जगेश ने बताया कि दो कट्ठे जमीन को लेकर 2009 से गांव के ही कुछ लोगों से विवाद चल रहा था। मंगलवार की सुबह जब पूरा परिवार खेत में गेहूं काट रहा था, तभी हथियार लेकर विनोद यादव और उसके बेटे अमन यादव, चमन यादव आ धमके। ताबड़तोड़ फायरिंग कर मेरे पिता के सिर में गोली और भाई के पेट में गोली मार दी। जगेश ने कहा इस दौरान उन लोगों ने मुझ पर भी फायरिंग की, लेकिन मैं वहां से अपनी जान बचाकर भाग निकला। वहीं, घटना की सूचना मिलने के बाद एसपी परिचय कुमार अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। बताया जाता है कि मुकेश यादव अपने तीन भाई जगेश, भजेंद्र, फागुन और तीन बहन धनवती देवी, मानव देवी, शिकांति देवी में चौथे स्थान पर था। घर पर उसकी पत्नी देवी, दो बेटी प्रति और कृति और एक बेटा शिवम है।

नौकरी देने पर किया गया फोकस बिहार के बच्चों ने बनाया है ये गीत

बिहार। लोकसभा चुनाव को लेकर सभी पार्टियां तैयारी में जुटी हैं। बीजेपी ने इलेक्शन कैम्पेन के लिए बिहार में मोदी संग बिहार गाने को लॉन्च किया उसके बाद आज जदयू ने भी अपना इलेक्शन कैम्पेन सॉन्ग को रिलीज किया। ये सॉन्ग 5 मिनट का है और इसे बिहार के बच्चों ने ही बनाया है। खास बात यह है कि इस गाने में बिहार में रोजगार देने पर फोकस किया गया है। गाने में लाखों नौकरी देने की बात भी की गई है और नीतीश कुमार का छात्रों को सर्टिफिकेट देता हुआ विजुअल को इस्तेमाल किया गया है। इस मौके पर जदयू के राज्यासभा सांसद संजय झा ने

कहा कि थीम सॉन्ग 5 मिनट का है, जो बेहद प्रभावशाली है। इसमें नीतीश कुमार के विकास कार्यों को दशार्या गया है। अगर किसी भी पार्टी का थीम सॉंग लोगों को पसंद आ गया उसे जनता दिल में बसा लेती है। इससे फायदा जरूर होता है। बिहार की जनता के बीच जाएगी। उसी को लेकर प्रचार गीत तैयार किया गया है।

संक्षिप्त डायरी

प्रेमी संग रचाई शादी फिर फोटो सोशल मीडिया पर किया वायरल

मुजफ्फरपुर। में प्यार का एक अजीबोगरीब मामला प्रकाश में आया है। जहां अपने इश्क के रंग में रंगी युवती शादी से पहले ही प्रेमी संग फरार हो गई है। जहां घर से भागी युवती ने अपने प्रेमी के साथ शादी कर अब अपने शादी की तस्वीर को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया है। जिससे नाराज लड़की के घरवालों ने प्रेमी पर लड़की को जबरन घर से भगाने का आरोप लगाते हुए थाने में इसकी शिकायत दर्ज कराई है। दरअसल पूरा मामला मुजफ्फरपुर जिले के सकरा थाना क्षेत्र के सकरा वाजिद पंचायत का है। जहां की रहने वाली एक युवती की अगले माह एक मई को शादी होने वाली थी। जिसकी पूरी तैयारी घर में चल रही थी। लेकिन इसी बीच युवती शनिवार को अपने प्रेमी संग घर से भाग गई और प्रेमी संग शादी रचा कर अपने शादी की फोटो सोशल मीडिया पर प्रेमी जोड़े के द्वारा वायरल भी किया गया। जिससे लड़की के परिजन बेहद परेशान हो रहे है। वही इस संबंध में लड़की के परिजनों द्वारा स्थानीय थाना में युवक पर युवती को घर से भगाने के संबंध में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। वही, इस संबंध में सुचना प्राप्त होते ही सकरा थाना की पुलिस ने मामले में पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को डिटेन किया गया है। जिससे पूछताछ की जा रही है। इस संबंध में सकरा थाना प्रभारी राजू कुमार पाल ने बताया कि देर रात सूचना प्राप्त हुई थी कि थाना क्षेत्र के एक गांव से एक युवती घर से फरार हो गई है।

गया में पड़ोसी ने छत पर चोर को देख किया हल्ला लोगों को आता देख भागे चोर

गया। जिले के अतरी थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्र बिघा गांव में चोरों ने एक बंद घर को निशाने पर लिया और घर में जमकर उत्पात मचाया है। चोरों ने स्थानीय ग्रामीण मनोज कुमार के घर में चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। पीड़ित मनोज कुमार के घर से सोने-चांदी के आभूषण समेत लाखों रुपए के सामानों की चोरी कर ले उड़े हैं। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई है। घटना के संबंध में स्थानीय ग्रामीणों ने बताया रात में देखा कि पड़ोस के मनोज कुमार के छत पर कोई खड़ा है। ख्याल आया कि मनोज कुमार परिवार समेत घर बंदकर कहीं गए हुए हैं। जिसके बाद हमलोगों ने शोर-शराबा करना शुरू कर दिया। शोर-शराबा सुनकर ग्रामीण इकट्ठा होने लगे, चारों ओर से घिरते देख चोर सामान सहित छत से कूदकर भाग निकलने में सफल रहा। हालांकि चोर छत से कूदने के दौरान जख्मी भी हो गया था और उसके शरीर से खून भी बह रहा था। जिसे पकड़ने का काफी प्रयास किया गया लेकिन रात के अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। पीड़ित मनोज कुमार ने बताया। दो माह पूर्व मेरे घर शादी हुई थी और सारा सामान घर में ही रखा हुआ था। शाम में घर बंदकर सपरिवार अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। घर पर ताला लटकता देख चोरों को इसी का फायदा उठाया और घर में घुसकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। घर से सोने-चांदी समेत अन्य सामानों की चोरी कर फरार हो गए।

पिता ने चार के खिलाफ कराया केस दर्ज लाइनर के मदद से दिया गया वारदात को अंजाम

भोजपुर। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र सारंगपुर स्टेट बोरिंग के समीप रविवार के देर शाम हुए फाइनेंस कमी मुकेश की हत्या के मामले में प्राथमिक की दर्ज कराई गई है। इसे लेकर मृतक के पिता शंकर सिंह ने कर के विरुद्ध नामजद प्राथमिकी कराई है। पूर्व दुश्मनी को लेकर हत्या की आशंका जताया है। प्राथमिक के बाद एएसपी परिचय कुमार के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया है। गठित टीम अपराधी तक पहुंचाने के लिए सीसीटीवी फुटेज के अलावा तकनीकी सूत्र एवं वैज्ञानिक अनुसंधान की मदद ले रही है। हत्या को लेकर पटना से आई एफ एस एल की टीम ने घटनास्थल से मिट्टी समेत खून का नमूना समेत महत्वपूर्ण साक्ष जब्त किए हैं। मृतक के मोबाइल का खंगाला जा रहा है। इधर,एसपी प्रमोद कुमार ने बताया कि शुरूआती जांच में या बात सामने आ रही है कि मुकेश की हत्या प्लानिंग के तहत हुई है। इस हत्या के पीछे लाइनर की अहम भूमिका है। मुकेश अलग-अलग समय पर ऑफिस से निकलकर घर जाता था। हत्या के दिन मुकेश अपने समय से काफी लेट था, इसी बीच लाइनर ने इसका एग्जैक्ट लोकेशन हत्यारों को बताते रहा है। लाइनर की भी तलाश की जा रही है। मृत युवक मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बेल डुमरा गांव निवासी शंकर सिंह के 23 वर्ष से पुत्र मुकेश कुमार सिंह है। अपराधी तीन की संख्या में थे जो सफेद रंग की अपाचे बाइक से थे। चेहरे पर नकाब लगाए थे। घटना स्थल से एक मोबाइल में मिला है। मुकेश सिंह आरा शहर के कटरा स्थित एक फाइनेंस कंपनी में कलेक्शन का काम करते थे। रविवार की शाम ऑफिस बंद होने के बाद बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे कि सहारनपुर स्टेट बोरिंग के समीप तीन-चार की संख्या में रहे अपराधियों ने उन्हें गोलियों से भून दिया था और फरार हो गए थे। इधर पिता ने बताया था कि 1 साल पहले सैदपुर समेत अलग-अलग गांव के कुछ लोगों से विवाद हुआ था। पुलिस इस बिंदु पर भी जांच कर रही है। कि जल्द से जल्द सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर उसे कड़ी सजा दिलाने काम करेंगे।

पप्पू यादव को मिला लालू यादव के साले का साथ

बिहार। में पूर्णिया हॉट सीट बन गई है। कारण हैं पप्पू यादव। एक तरफ पप्पू यादव ने दो टूक कह दिया है लड़ेंगे तो पूर्णिया से ही। दूसरी तरफ राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पूर्णिया से उनका टिकट काटने पर अड़े हुए हैं। अब पप्पू यादव को लालू यादव के साले और राबड़ी देवी के भाई साधु यादव का समर्थन मिला है। साधु यादव ने दैनिक भास्कर से खास बातचीत में कहा कि पूर्णिया में पप्पू यादव के साथ नाइंसाफी हो रही है। हालांकि, इसके आगे कुछ भी बोलने से उन्होंने इनकार कर दिया। कहा- वो अभी वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं। वहीं, रोहिणी यादव के पॉलिटिकल डेब्यू पर साधु यादव ने कहा कि चुनाव लड़ना-लड़ाना लोगों की मर्जी पर निर्भर करता है। लालू यादव की पार्टी है। वे जिसे चाहेंगे, चुनाव लड़वाएंगे। रोहिणी को शुभकामना देने के सवाल पर उन्होंने कहा कि समय आने पर उन्हें शुभकामना देंगे। साधु यादव इस चुनाव में क्या कर रहे हैं, इस सवाल पर उन्होंने कहा कि वो अभी चुपचाप घर में बैठे हैं और सब कुछ देख रहे हैं। फिलहाल वेट एंड वॉच की स्थिति में हैं। वक्त बताएगा कि आगे क्या होगा। फिलहाल इस पर कुछ नहीं बोलेंगे।

बीजेपी छोड़ अजय निषाद ने जॉइन की कांग्रेस

मुजफ्फरपुर। से बीजेपी के सांसद अजय निषाद ने कांग्रेस जॉइन कर ली है। दिल्ली में कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। इस दौरान बिहार कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश सिंह भी मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि अगर आलाकमान का आदेश हुआ तो जनता की अदालत में जाऊंगा। बता दें कि इस बार टिकट कटने से नाराज अजय निषाद ने बीजेपी से थोड़ी देर पहले ही इस्तीफा दिया था। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- ₹...भाजपा द्वारा छल किये जाने से छुब्ध होकर मैं पार्टी के सभी पद के साथ प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देता हूं. दूसरी तरफ सासाराम

से बीजेपी सांसद छेदी पासवान के भी कांग्रेस में शामिल होने की खबर है, हालांकि अभी इसकी पुष्टि नहीं हुई है। लेकिन इस बार छेदी पासवान को भी भाजपा ने टिकट नहीं दिया है। जिससे वे नाराज चल रहे हैं। छेदी पासवान को अभी तक कांग्रेस की तरफ से समय नहीं दिया गया है। बताया जा रहा है कि मीरा कुमार छेदी पासवान को कांग्रेस में एंट्री को लेकर नाराज हैं। कांग्रेस में मीरा कुमार का कद बड़ा है और वे छेदी पासवान की एंट्री कांग्रेस में न हो इसमें पुरजोर ताकत लगा रही हैं। वे इसमें सफल भी हो सकती हैं। बता दें कि कांग्रेस बिहार में 9 सीटों के लिए मजबूत उम्मीदवारों पर मंथन कर रही है। दो सीटों किशनगंज में कांग्रेस ने मोहम्मद जावेद और कटिहार में कांग्रेस ने तारिक अनवर का नाम लगभग फाइनल कर दिया है। भागलपुर में अजीत शर्मा और प्रवीण कुशवाहा के बीच मामला फंसा हुआ है। सासाराम में बीजेपी ने शिवेश राम को उम्मीदवार बनाया है जबकि मुजफ्फरपुर में बीजेपी ने डॉ. राजभूषण चौधरी को मैदान में उतारा है। टिकट कटने से छेदी पासवान और अजय निषाद काफी नाराज हैं। मुजफ्फरपुर से कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह के बेटे आकाश भी जोर लगाए हुए हैं। अगर उन्हें मुजफ्फरपुर नहीं मिलता है तो पश्चिमी चंपारण से भी टिकट ले सकते हैं।

सासाराम अनुसूचित जाति के लिए रिजर्व सीट है। शेरशाह सूरी की कर्मस्थली है। जगजीवन राम की वजह से देश की राजनीति में सासाराम सीट चर्चित रही। वे उप प्रधानमंत्री हुए थे। सासाराम से 1952 से 84 तक वे आठ बार सांसद बने। उनकी बेटी मीरा कुमार दो बार यहां से सांसद रहीं। मीरा कुमार लोकसभा अध्यक्ष रहीं और राष्ट्रपति चुनाव के लिए उम्मीदवार भी थीं। 2014 में यहां से बीजेपी के छेदी पासवान ने मीरा कुमार को हरा दिया। वे 2019 में भी सांसद चुने गए। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में सासाराम से बीजेपी के छेदी पासवान को 49,4800 वोट और मीरा कुमार को 32,9055 वोट मिले, लेकिन बीजेपी ने यहां छेदी पासवान का टिकट काटकर शिवेश राम को टिकट दे दिया है। सासाराम संसदीय क्षेत्र में मोहनिया, भभुआ, चौनपुर, चेनारी, सासाराम और करगहर विधान सभा क्षेत्र आते हैं।

मुजफ्फरपुर क्रांतिकारियों की जगह रही है।1908 में खुदी राम बोस और प्रफुल्ल चाकी ने अंग्रेज कमिश्नर को मारने के लिए बम फेंका था। राजनीति में जय नारायण निषाद और जॉर्ज फर्नांडिस यहां से जीतते थे। मुजफ्फरपुर में 2019 में बीजेपी के अजय निषाद को 659833 वोट मिले और वीआईपी के राजभूषण चौधरी को 254832 वोट मिले, लेकिन यहां बीजेपी ने अजय निषाद का टिकट काटकर राजभूषण चौधरी को टिकट दे दिया। संसदीय क्षेत्र में गायघाट, औराई, बोचहां, सकरा, कुढ़नी, मुजफ्फरपुर विधानसभा क्षेत्र आते हैं

एक अभियान नशाखोरी की कातिल राहों के खिलाफ

रामरतन चूड़ीवाला

नशा मुक्त भारत आंदोलन के राष्ट्रीय सम्मेलन में केंद्र सरकार एवं पंजाब सरकार से कानूनी तौर पर नशाबंदी लागू करने, सभी तरह के नशे का उत्पादन करने वाले केंद्रों को बंद करने, सभी स्कूलों और कॉलेजों में डोप टेस्ट केंद्र खोलने, युवाओं को रोजगार ,की कानूनी गारंटी देने, केंद्र और राज्य सरकार के कर्मचारियों और जनप्रतिनिधियों को नशा करते या नशा किए हुए पाए जाने पर तत्काल निलंबित किए जाने का कानूनी प्रावधान करने, 10 हजार की आबादी पर एक नशा मुक्ति और पुनर्वास केंद्र खोलने, नशा करने वालों को मरीज मानकर निःशुल्क इलाज करने, शराब की दुकान बंद करने के लिए 50% महिलाओं के द्वारा लिखित आपत्ति करने के प्रावधान को कानूनी तौर पर लागू करने, अवैध शराब बिक्री करने वाले को जमानत देने के कड़े प्रावधान करने, नशीले पदार्थों की तीन बार बिक्री करने पर पकड़े जाने वाले को जिला बदर करने , नशा से मरने वालों के परिजन को 10 लाख का मुआवजा देने की मांग करते हुए प्रस्ताव पारित किया गया।

